डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,436.84 +1,330.96

डॉलर 83.910 -0.046

रांची सर्राफा: 10 ग्राम 70,720 | 01 किलो 88,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रावण शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 17 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक- 303, पृष्ठ-16 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-13 एसए20 में खेलते दिखाई देंगे कार्तिक

## राज्यपाल ने वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने शुक्रवार को एक्स पर कहा है कि विश्वपटल पर एक आदर्श की प्रतिमूर्ति माने जाने वाले इस महान व्यक्तित्व ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानव-कल्याण में समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और विचार सदैव सभी के लिए प्रेरणादायी हैं।

## डैम में डूबने से 3 बच्चों की मौत

**» परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग से मिलेगा पूरा सहयोग**

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के बभनी खांड डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। तीनों मृतक बच्चे जंगीपुर के उरांव टोला के रहने वाले हैं। मृतकों में मानदेव उरांव का पुत्र सूरज उरांव (11 वर्ष), नंदू उरांव का पुत्र मनीष मिंज(13 वर्ष) और स्व उमेश उरांव का पुत्र चंद्रकांत कुमार(9वर्ष) का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तीनों बच्चे घर से 11 बजे निकले थे। 2 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान हो गए। खोजबीन करते हुए घर से 3 किलोमीटर दूर बभनी खांड डैम पहुंच गए। डैम के पश्चिम उत्तर दिशा में तीनों बच्चो का कपड़ा दिखाई दिया। काफी देर बाद सूरज का शव पाया। इसके बाद आसपास के लोगों ने भी अन्य दो बच्चों की तलाश डैम में करने लगे। शाम 4:30 बजे करीब अन्य दो बच्चों का शव भी डैम से निकाला गया। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, अंचलाधिकारी विकास सिंह सहित कई प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। तीनों बच्चों को लेकर पुलिस पदाधिकारी अनुमंडलीय अस्पताल लाए। वहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम घटना स्थल पहुंचे। सभी ने घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों को सांत्वना दिया। पूर्व विधायक ने कहा की घटना हृदय विदारक है। परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग से सहायता उपलब्ध कराया जायेगा।

## केशव महतो कमलेश बने झारखंड कांग्रेस के नये अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा बदलाव किया है और राजेश ठाकुर को हटाकर केशव महतो कमलेश को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में शुक्रवार को पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल की ओर से पत्र जारी किया गया है। झारखंड कांग्रेस प्रदेश के अध्यक्ष अब केशव महतो कमलेश होंगे और रामेश्वर उरांव विधायक दल के नेता होंगे। केशव महतो कमलेश सिल्ली के पूर्व विधायक रहे हैं। हालांकि अभी झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन कांग्रेस चुनावी समर में उतर चुकी है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए ही कांग्रेस ने बदलाव शुरू कर दिया है, ताकि जोरदार तरीके से चुनाव लड़ा जा सके और जीत सुनिश्चित की जा सके।

## मुख्यमंत्री हेमंत 21 को मंईयां सम्मान योजना में लेंगे भाग

### डीसी ने अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता





**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री के आगामी 21 अगस्त के प्रस्तावित पलामू दौरे को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टॉस्क सौंपा।

साथ ही सभी के साथ कार्यक्रम के दौरान समुचित व्यवस्था पर चर्चा की। नगर आयुक्त को प्रस्तावित स्थल का साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फूल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभा स्थल पर जेएसएलपीएस की ओर से लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया जायेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री 21 अगस्त को मेदिनीनगर में प्रमंडलीय स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पलामू,लातेहार व गढ़वा के महिला लाभार्थी भाग लेंगी। लाभार्थियों को बैठने की व्यवस्था, उनके परिवहन की व्यवस्था, खाने-पीने, स्टेज की व्यवस्था आदि की व्यवस्था को लेकर उन्होंने कई पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी।

## इसरो ने रचा कीर्तिमान एसएसएलवी डी-3 की सफल लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह 9.17 बजे नया रॉकेट एसएसएलवी डी-3 लॉन्च किया। साथ ही ईओएस-08 मिशन के तौर पर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सेटेलाइट की लॉन्चिंग की गई। इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने लॉन्चिंग की सफलता की जानकारी देते हुए पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी। ईओएस- 08 पृथ्वी की निगरानी करने के साथ पर्यावरण और आपदा को लेकर जानकारी देगा। साथ ही तकनीकी प्रदर्शन भी करेगा। इसमें तीन अत्याधुनिक पेलोड हैं- इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एसआईसी यूवी डोसिमीटर। इसरो के मुताबिक अपने नियोजित एक वर्ष के मिशन जीवन के साथ ईओएस-08 महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा। सफल लॉन्चिंग के बाद इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने कहा कि हमारी लॉन्चिंग सही है। सैटेलाइट सही जगह पर पहुंच गई है। अब हम कह सकते हैं कि एसएसएलवी रॉकेट की तीसरी डिमॉन्सट्रेशन उड़ान सफल रही है। अब हम इस रॉकेट की टेक्निकल जानकारी इडंस्ट्री को शेयर करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में रॉकेट्स बन सके।

## झारखंड निवासी शहीद सैनिकों व अग्निवीरों के आश्रित को देंगे 10 लाख और सरकारी नौकरी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड निवासी कोई सैनिक मिलिट्री ऑपरेशन और ड्यूटी के दौरान शहीद होता है, तो उसकी पत्नी या आश्रित को राज्य की सरकार विशेष अनुग्रह अनुदान के तौर पर 10 लाख और अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देगी। यह प्रावधान अग्निवीरों के लिए भी समान रूप से लागू होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की। बताया गया है कि राज्य मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के साथ ही यह प्रावधान लागू हो जाएगा। सीएम सोरेन ने कहा है कि अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के अनुरूप ही देश की रक्षा-सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। उन पर भी समान रूप से जीवन का खतरा बना रहता है, इसलिए हमारी सरकार उन्हें भी सैनिकों की तरह सम्मान देने को कृतसंकल्प है। इसके पहले राज्य सरकार ने होमगाड्र्स को पुलिसकर्मियों की तरह समान कार्य के लिए समान ड्यूटी वेज देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी। शुक्रवार को राज्य के सैकड़ों होमगाड्र्स ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवासीय कार्यालय पहुंचकर सरकार के इस निर्णय के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। हमारी सरकार राज्य की जनता हो या किसी भी संवर्ग के सरकारी कर्मी, सभी को उनका अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में गृह रक्षकों की चिर-लंबित मांग को हमारी सरकार ने पूरा किया है।



**राजभवन में स्वागत समारोह...** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राज भवन में 'स्वागत समारोह' का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक आदि मौजूद थे।

### आज कल





## हिंदुओं की करेंगे सुरक्षा : यूनुस

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से फोन के जरिए पहली बार बात की। इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए दी। पीएम मोदी ने बताया कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर बात हुई। इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। शेष पेज 14 पर

# आज सुबह 6 बजे से 24 घंटे तक चिकित्सकीय सेवा बंद

## सरकारी अस्पताल व निजी डॉक्टर भी नहीं करेंगे काम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में क्रूर अपराध और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर की गई गुंडागर्दी के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने 24 घंटे के राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

इधर आईएमए की झारखंड इकाई ने कहा है कि शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक राज्यभर के तमाम डॉक्टर 24 घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। झारखंड आईएमए के सचिव डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि इस हड़ताल में सभी सरकारी हॉस्पिटल के साथ-साथ गैर सरकारी अस्पताल व प्राइवेट डॉक्टर्स भी शामिल होंगे। इनमें ओपीडी, लैब, पैथोलॉजी समेत सभी काम बंद रहेंगे। इस दौरान सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि डाक्टरों के प्रति हिंसा की घटनाओं को देखते हुए 24 घंटे के लिए चिकित्सकीय सेवाएं बंद रखी जाएंगी। घायलों का इलाज किया जाएगा, लेकिन नियमित ओपीडी बंद रहेगी और ना ही कोई वैकल्पिक सर्जरी की जाएगी। आईएमए ने आगे कहा कि यह बंदी उन सभी क्षेत्रों में रहेगी जहां भी आधुनिक चिकित्सा चिकित्सक सेवा प्रदान कर रहे हैं। आईएमए का कहना है कि बुधवार रात्रि आंदोलनरत चिकित्सकों के ऊपर आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। आईएमए को अपने डॉक्टरों के उचित मुद्दे के प्रति राष्ट्र की सहानुभूति की आवश्यकता है। हम बस चिकित्सकों की सुरक्षा चाहते हैं।

**झारखंड आईएमए सचिव डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं ही चलेंगी**



### ये है हड़ताली डॉक्टरों की मांगें

- कलकत्ता में हुये घटना के दौषियों को फांसी दें।
- सेंट्रल मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें।
- जूनियर डॉक्टरों और हॉस्पिटल परिसर को सुरक्षित बनाया जाए।
- महिला डॉक्टरों के लिए अलग से शौचालय की हो व्यवस्था, सीसीटीवी के साथ सेफ जोन बनाया जाए।



**50** बेड तक के अस्पतालों को छुट मिले झारखंड क्लिनिकल एक्ट से।

डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर **केंद्र सख्त**

## हिंसा होने पर 6 घंटे के भीतर ही दर्ज हो एफआईआर

**नई दिल्ली।** डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त हो गया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक सख्त निर्देश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि अस्पताल परिसर में कर्मचारियों और स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं के खिलाफ कोई भी हिंसा होने पर छह घंटे के भीतर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी होगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रमुख की होगी। शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसा की घटनाएं सामने आईं है। किसी भी तरह की हिंसा और हमले की रिपोर्ट संस्थान प्रमुख को 6 घंटे में करनी होगी। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी पूरी तरह से संस्था प्रमुख की होती है। यह आदेश सभी एम्स और मेडिकल कॉलेजों के लिए लागू होगी।

## इंडिया: हमारा नेता कैसा हो अब नई परिभाषा से तय हो



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में सबसे अधिक आलोचना नेताओं की होती है और दूसरी ओर सत्ता का आकर्षण भी सबसे बड़ा होता है जिसे हर कोई प्राप्त करना चाहता है । हजारों साल की गुलामी के बाद मिली आजादी के बाद सबसे बड़ा संकट नेतृत्व का था क्योंकि गलत आदमी के हाथों सत्ता जाने पर उसके दूरगामी प्रभाव पड़ते हैं । अनेक मामलों में विभिन्न राज्यों के साथ झारखंड भी अपेक्षित विकास नहीं कर पाया जिसका दोष नेतृत्व पर ही थोपा जाता है । राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां जब तक सत्ता से दूर रहती हैं तब तक जमीनी स्तर के नेताओं को अवसर देने की बात करती है और सत्ता में आने पर समर्पित कार्यकर्ताओं के बजाय उन पर टिकट बेचने के आरोप लगने लगते हैं । आजकल चलन में है कि अपने काले धंधे को कवर करने या नेतागीरी की आड़ में करोड़ों कमाने के लिए अनेक लोग राजनीति में आना चाहते हैं और उनका समाज सेवा से दूर का भी रिश्ता नहीं होता । जबकि विभिन्न पार्टियों की विचारधारा से प्रभावित हजारों समर्पित कार्यकर्ता किनारे कर दिए जाते हैं । जैसे जैसे लोगों में राजनीतिक चेतना और



परिपक्वता विकसित हो रही है टिकट खरीदवाले या समाज सेवा का ढोंग करने वाले आपराधिक प्रवृति के कथित नेताओं को पब्लिक ने नकारना शुरू कर दिया है ।पिछले लोकसभा में अपेक्षित सफलता से दूर भाजपा भी इस बार विधानसभा चुनाव में जिस तरह महीनों पहले से सक्रिय है उससे लग रहा है कि इस बार टिकट वितरण में सावधानी बरतेगी । अन्य पार्टियां भी चुनाव जिताने वाले उम्मीदवारों की तलाश में धन के साथ जन से मजबूत लोगों को प्रश्रय देगी । फैसला तो जनता के हाथों में है पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में परिवारवाद व जातिवाद को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में ऐसे नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए जिनके परिवारों का पहले से कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों को परिवारवाद से बचाने के लिए एक लाख ऐसे युवाओं को आगे लाने की बात की ।उन्होंने कहा कि ये एक लाख युवा ऐसे परिवारों से आएं जिनका राजनीति से कोई संबंध न रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे एक लाख लोग, फ्रेश ब्लड चाहे ग्राम पंचायत में आएं, नगर पालिका में आएं, जिला परिषदों में आएं, चाहे विधानसभाओं में आएं या लोकसभा में आएं। इससे पहले उनके परिवार का कोई राजनीतिक इतिहास न हो, ऐसे फ्रेश लोग राजनीति में आएं ।लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं एक चिंता हमेशा कहता हूं परिवारवाद, जातिवाद भारत के लोकतंत्र को बहुत नुकसान कर रहा है। देश की राजनीति को हमें परिवारवाद और जातिवाद से मुक्ति दिलानी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मिशन यह भी है कि हम जल्द से जल्द राजनीतिक जीवन में जनप्रतिनिधि के रूप में एक लाख ऐसे नौजवानों को आगे लाना चाहते हैं, ऐसे नौजवानों को आगे लाना चाहते हैं जिनके परिवार में किसी का भी कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो, जिनके माता-पिता, भाई-बहन, चाचा ताऊ आदि कोई भी राजनीति में न रहे हों। किसी भी पीढ़ी में कोई राजनीति में न रहा हो।

### पीएम मोदी ने बताई वजह

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि ऐसे युवा किसी एक ही दल में आएं, उनको जो दल पसंद हो, उसमें आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऐसा होने से परिवारवाद से मुक्ति मिलेगी, जातिवाद से मुक्ति मिलेगी। लोकतंत्र को समृद्धि मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश तय करके चले कि आने वाले दिनों में एक लाख ऐसे नौजवान जिनके परिवार का राजनीति में दूर-दूर का संबंध न हो, उनको राजनीति में लेंगे। इससे नई सोच आएगी, नई शक्ति आएगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। अनेक पत्रकार,साहित्यकार, अधिकारी, प्रबंधक या न्यायपालिका से जुड़े लोग जब राजनीति में आना चाहते हैं तो कुछ लोग सोशल मीडिया में व्यर्थ का शोर मचाकर उनकी नीयत पर सवाल उठाते हैं जबकि उनके अनुभवों से राजनीति और समृद्ध हो सकती है । अनेक उदाहरण हमारे सामने भी हैं ।

## जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से व हरियाणा में 1 अक्टूबर को मतदान

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर व हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी गई है। जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव आयोजित किए जाएंगे। चुनाव का पहला चरण 18 सितंबर को होगा। दूसरा चरण 25 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होगा और वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। वहीं हरियाणा में चुनाव 1 अक्टूबर को होगा व मतगणना 4 अक्टूबर को होगी। जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूची बनाने का काम जारी है। लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद में पहली बार इन इलेक्शन में जम्मू और कश्मीर के लोग 90 विधानसभा सीटों के लिए अपने नेता को चुनेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव ने बताया कि 19 अगस्त को अमरनाथ यात्रा समाप्त होगी और 20 अगस्त को फाइनल मतदाता सूची तैयार हो जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को इसकी कॉपी भिजवाई जाएगी। पूरे जम्मू कश्मीर में करीब 11, 838 मतदाता केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह मतदाता केंद्र कुल 9169 स्थानों पर बनाए जाएंगे। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 9506 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 735 मतदाता है। जम्मू कश्मीर में चुनाव आयोग ने इस बार 360 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाने का फैसला किया है। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा भी की जाएगी।

शेष पेज 14 पर

दो दिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# पलामू एसपी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, प्राइज बांटें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दो दिवसीय सामुदायिक पुलिसिंग, पलामू के तत्वावधान में वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र मनातू की आठ फुटबॉल टीमों को गठन किया गया। जिनमें सिलदाग, करमा, नामद रबदा,गवही,बंशी खुर्द, भैसासुआ, भीतडीह की टीम शामिल थी। सभी टीमों टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट की शुरूआत 14 अगस्त को हुई। सभी टीमों को पलामू पुलिस अधीक्षक जर्सी भेंट किया। टूर्नामेंट के फाइनल में भीतडीहा और गबही की टीम ने अपनी जगह बनायी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा, लेस्लीगंज, पांकी, अनिल कुमार सिंह, पाटन पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी मनातू सहित कई पदाधिकारी की उपस्थिति में फाइनन मैच खेला गया। फाइनल मैंच मे भितडीहा की टीम ने गबही को दो शून्य से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं पलामू एसपी के निर्देश महिलाओं के लिए कुर्सी रेस का भी आयोजन किया गया। रेस में शामिल सभी महिलाओं को पलामू एसी ने उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं फुटबॉल टीम को बुट,फुटबॉल और ट्राफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के अंत में पलामू एसपी ने सबको बधाई दी और खेल और पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़कर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने को कहा। साथ ही उन्होंने खेल का संचालन करने के लिए सबकों धन्यवाद किया।

## एके सिंह कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया निर्धारित समय पर सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने झंडे को सलामी दी। इसके बाद मंच पर सम्मानित अतिथियों को स्थान दिया गया जो इस प्रकार थे। सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, थाना प्रभारी देवरी ओपी बबलू कुमार, भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता और समाजसेवी विजयमल सिंह मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश प्रेम गायन हुआ। मंच का संचालन डॉ.आलोक रंजन कुमार और प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल एवं सामूहिक नृत्य तथा गायन पेश किया गया।



### कॉलेज नित्य प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है : प्रफुल्ल कुमार सिंह

सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि आप स्पष्ट देख पा रहे होंगे कि कॉलेज नित्य प्रतिदिन विकास की ओर अग्रसर है। व्यक्तित्व विकास संबंधी विभिन्न कोर्स संचालित हैं और कंप्यूटर शिक्षण के लिए विद्यार्थियों में होड़ मची है। कॉलेज दो माह के अंदर हर तरह की सुविधाओं से लैस होगा।

## इओ ने आरोग्य हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**विश्रामपुर।** गुरू वार को विश्रामपुर नप कार्यालय द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल का नव पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने औचक निरीक्षण किया।जिसमें पदस्थापित एएनएम व टेक्नीशियन को समय से हॉस्पिटल खोलने सहित कई जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## पूर्व विधायक ने सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया

**हुसैनाबाद।** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपुजन मेहता के अथक प्रयास से बैराव टोला लोकी बीघा में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि पंन्द्रह दिन पहले उक्त गांव का ट्रासफार्मर जल गया था जिससे आम जनता को खेती करने में बहुत परेशानी हों रही थी। ट्रांसफार्मर आ जाने पर ग्रामीण जनता काफी खुश है, इस कार्य के लिए सभी जनता ने कुशवाहा शिवपूजन मेहता के प्रति आभार जताया है। आभार जताने वाले ग्रामीणों में धर्मेंद्र शर्मा,विनय शर्मा , सत्यनारायण शर्मा,सूर्यनाथ मेहता, मिंटू मेहता, रामजी मेहता, सोनू पासवान, संजय पासवान, राजेंद्र शर्मा,इंद्रदेव मेहता, राजदेव मेहता, रामलखन मेहता, शंकर मेहता, मनोज मेहता, राजकेश्वर शर्मा, राजकुमार शर्मा ,संतोष वर्मा , नथुनी मेहता , चंद्रेश मेहता , उपेंद्र मेहता , प्रयाग मेहता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोहा

**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत के कोसिआरा स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कामाख्या नारायण सिंह और निर्देशक शुभम सिंह ने सामूहिक रूप से झंडोतोलन किया। इस मौके पर आदर्श आरके प्लस टू रहमानिया उवि के प्रधानाचार्य के मनोज कुमार सहित अश्विनी कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, रोहित रंजन सिंह, शिक्षक आकाश कुमार, शिक्षिका कुमारी पूजा, ज्योति श्रीवास्तव, फरजाना खातून, सिंपल कुमारी और अन्नपूर्णा देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया और वाहवाही लूटी। इसमें बेहतर प्रस्तुति करने के वाले नन्हें बच्चों को हैदर नगर के थाना प्रभारी अफजल अंसारी, बुनियादी स्कूल कोसिआरा के प्रधानाध्यापक रमेश पाल के अलावा महेंद्र कुमार सिंह, ओकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार, पंसस शाहबाज, प्रदीप कुमार कुशवाहा और पंकज कुमार सिंह ने उपहार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया।

















































### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के पर लगाई गई दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी

# चित्र प्रदर्शनी में दिख रहा है विभाजन के पीड़ितों का दर्द : विष्णु दयाल राम

- प्रदर्शनी में लगी तस्वीरें काफी दुर्लभ हैं : संजीव कुजूर
- क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने विषय प्रवेश कराया
- बौद्धिक रूप से आजाद होने की जरूरत : डॉ. असीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दयाल राम मौजूद रहे। उन्होंने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह विभिषिका सबसे बड़ी त्रासदी रही है। विभाजन का दंश जिन्होंने झेला है उसकी पीड़ा वही समझ सकते हैं, चित्र प्रदर्शनी की तस्वीरों में उनका दर्द स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आज शहीदों की कुर्बानियों को याद करने का दिन है। प्रमंडलीय जनसंपर्क के उप निदेशक संजीव कुजूर ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी में लगी तस्वीरें काफी दुर्लभ हैं। जिनमें विभाजन की पीड़ा स्पष्ट दिखाई दे रही है। जिला जनसंपर्क अधिकारी डा. असीम कुमार ने कहा कि आज भारत की आजादी का दिन है और हमें सामाजिक, राजनीतिक, बौद्धिक और हर रूप में आजाद होने की जरूरत है जिससे कि देश की प्रगति हो सके। शिक्षाविद् प्रो. के. के मिश्रा ने कहा कि हमें आज जाति, मजहब और पंथ से उपर उठने की जरूरत है। विभाजित समाज देश की तरक्की में रोड़ा होता है, इसलिए देश को विकसित बनाने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। स्वतंत्रता सेनानी के वंशज सुधीर सहाय ने बताया कि वह इस कॉलेज की प्रथम प्राचार्या के वंशज हैं। उन्होंने अपने दादा-परदादाओं के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को बताया। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि विभाजन के पीड़ितों के दर्द को इस चित्र पदर्शनी के माध्यम से दशार्या गया है। इस कार्यक्रम में उन पीड़ितों के वंशजों को सम्मान देकर भारत सरकार ने कृतज्ञता जाहिर की है। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की डॉ. संगीता कुजूर एवं डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या मोहिनी गुप्ता समेत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

**प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया :** प्री प्रोग्राम के तहत रंगोली, पेंटिंग्स, देशभक्ति गीत एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान शहर के प्रसिद्ध गीतकार एवं संगीतकार राम-श्याम बंधुओं के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐ मेरे वतन के लोंगों... प्रस्तुत कर सबको भावविभोर कर दिया। मासूम आर्ट ग्रुप के पंजीकृत कलाकारों द्वारा श्री सैकत चटर्जी के निर्देशन में नाटक एवं गीत की प्रस्तुति दी गई।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने लिपिक मोर्चा को दिया नैतिक समर्थन

**मेदिनीनगर।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ,पलामू ने 12 अगस्त से अपने दो सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा को अपना नैतिक समर्थन दिया है। इस आशय हेतु संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष को पत्र लिखा है। बताते चलें कि झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा 12 अगस्त से जिला मुख्यालय में हड़ताल पर है। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव त्रिपुरारी प्रसाद गहलोत, संगठन सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष जय शंकर प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष अशरफ अली, संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार, बिगू राम, रोहित कुमार मेहता, प्रवक्ता डॉ. शारिब, डॉ. पुष्पलता, गीतांजलि, राज कुमारी,मीनू कुजूर, परीक्षा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी, विनय पाठक सहित अन्य सदस्यों ने भी अपना समर्थन दिया है।

## देश से हम अपने परिवार और बच्चों की तरह मोहब्बत करें : अविनाश देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय महापर्व पर संत मरियम विद्यालय में चेयरमैन अविनाश देव ने संत तिरंगे को फहराया। आजादी के इस महोत्सव पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया । मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज हमारा देश आजादी का 78 वां वर्षगांठ का जश्न मना रहा हैं, लेकिन इस जश्न में हमें सिर्फ नाचने-झूमने की ही जरूरत नहीं है, बल्कि उस जंग को भी याद करने की जरूरत है, जिस जंग ने हमें जश्न मनाने की आजादी दी है। हमें उनके अदम्य साहस से सीख लेने की जरूरत है। हम अपने परिवार और बच्चों के साथ मोहब्बत करते हैं, उसी तरह पूरी देश के साथ स्नेह और समर्पण सेवा की भाव रखेंगे तो निश्चित रूप से हमारा देश आगे बढ़ेगा विश्व गुरु बनेगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा देव, उप प्राचार्य एस वी साहा, संत मरियम किड्स स्कूल के व्यवस्थापक आनंद कुमार ,समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला कुमारी, रिजवाना प्रवीण, कौशल प्रशिक्षक, श्याम सर ,विकास विश्वकर्मा , सुमित कुमार संतोष कुमार समस्त शिक्षकों के साथ-साथ हजारों बच्चे मौजूद थे।

### उप्रावि में शान से लहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को देश सदैव याद रखेगा : बीपीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सुरभि नगर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी। मौके पर उन्होंने कहा कि यह अवसर है उन अमर शहीदों को स्मरण करने का, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान को कुर्बान कर दिया है। इन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के कुर्बानियों को पूरा देश कभी नहीं भूला सकता है। उनके संकल्पों व आकाक्षाओं को पूरा करने की जरूरत है। मौके पर बीआरपी सत्येंद्र पाठक, सीआरपी सतीश शुक्ला, सदर लेखापाल अरुण कुमार, विनोद, विष्णु, वार्ड पार्षद रोशन कुमार, अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महेश कुमार, उमेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक व विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।
















# सरकारी कार्यालयों में शान से लहराया तिरंगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजादी के 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय समेत प्रखंड मुख्यालयों, सरकारी, निजी संस्थानों में शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंग लहराया गया। पुलिस लाईन स्थित मुख्य समारोह स्थल में प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देकर ध्वाजारोहण किया। मौके पर उपायुक्त शशिरंजन, आरक्षी अधीक्षक रीष्मा रमेशन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने अपने अवासीय कार्यालय झंडोत्तोलन किया। आईजी कार्यालय व अवासीय परिसर में आईजी नरेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी कार्यालय व आवासीय कार्यालय में डीआईजी वाईएस रमेश, उपायुक्त शशि रंजन ने आवासीय परिसर, जिला समाहरणालय, पलामू कल्ब, रेडक्रास में, प्रधान जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने व्यवहार न्यायलय परिसर में, उपविकास आयुक्त के आवासीय परिसर में उवविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल कार्यालय व अवासीय परिसर में सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

# छात्र नई तकनीक से देश को आगे बढ़ायें : डॉ. खान

## विकसित देशों के कुचक्र को तोड़ने के लिए तैयार रहें भारतीय युवा : कमांडेंट



**नवीन मेल संवाददाता।**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी. पब्लिक स्कूल में स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट 112वीं बटालियन सीआरपीएफ के साथ विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान के संयुक्त रूप से परेड के निरीक्षण से हुआ। मुख्य अतिथि कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू ने छात्रों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत' के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा विकसित देशों के कुचक्र को तोड़ने के लिए तैयार रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र तिवारी अवकाश प्राप्त विशेष सचिव कल्याण विभाग झारखंड सरकार ने स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करती छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। प्राचार्य एमके.डीएवी. पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज डॉ. जीएन खान ने कहा कि 200 वर्षों के कड़े संघर्ष एवं अनेक वीरों के बलिदान के बाद हमें यह आजादी मिली है। छात्र नई तकनीक से देश को आगे बढ़ायें। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जयप्रकाश सिंह सेकंड इन कमांडेंट 112वीं बटालियन सीआरपीएफ, डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव, विशेष अतिथि बलराम उरांव, प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर जयकुमार, सूबेदार कामाख्या नारायण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीनाक्षी कर्ण, प्रतिमा वर्मा, सुरेशाना राय, शिक्षक जितेंद्र तिवारी एवं विद्या वैभव भारद्वाज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने किया।

# पांकी विधायक ने किया पीड़ित परिवार को सहयोग

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** प्रखंड के राजोगाड़ी कुराईनपतरा गांव में मंगलवार शाम जोरदार आंधी तूफान के साथ बारिश से यशोदा कुंवर पति स्व दैनी राम के घर पर पी डब्लू डी सड़क किनारे लगी शीशम का विशाल पेड़ गिर गया। इससे घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि पेड़ गिरने से किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी है। पीड़ित के घर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को आथिर्क सहयोग राशि दिया। साथ ही उन्होंने आवास कोऑर्डिनेटर को दूरभाष पर अंबेडकर आवास देने की निर्देश दिया है। तथा वन विभाग को यथाशीघ्र घर पर से गिरे पेड़ हटाने की निर्देश दिया है। विधायक ने बताया कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है जिसके कारण घर बनाने में तत्काल असमर्थ है। इसलिए मैं अपने ओर से सहयोग राशि दिया है।


































# नेतरहाट ने ब्रिजिया ब्रदर्श को 3-0 से हराया

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** प्रखण्ड अंतर्गत नेतरहाट में स्वतंत्रता दिवस के 78 वां वर्षगांठ के अवसर पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के ओवल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, जंगल वार स्कूल के डीएसपी उपस्थित रहे। फाइनल मैच को रोमांचक बनाने के लिए पिछले 6 दिनों से कुल 22 टीमों के बीच फुटबॉल मैच कराया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ दो टीमें फाइनल में पहुंची। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन टीमों के बीच रोमांचक व जबरदस्त मुकाबला का खेल प्रेमियों ने लुफ्त उठाया। फाइनल में पहुंचे नेतरहाट बनाम ब्रिजिया ब्रदर्स टीम के बीच जबरदस्त मुकाबला में नेतरहाट की टीम ने तीन गोल से विजय प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई करते हुए नजर आए। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का विवरण किया गया। नेतरहाट टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में10000 रू सिल्ड व जर्सी से सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर त्रिज्या ब्रदर की टीम को 6000 रू शील्ड, जर्सी के साथ सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर केराखांड़ की टीम को 3100 रू नकद शील्ड, जर्सी देकर सम्मानित किया गया। अन्य 19 टीमों को प्रोत्साहन के रूप में एक-एक फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया। फुटबाल टूर्नामेंट आयोजन को लेकर मुख्य रूप से नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पुलिस प्रशासन, नेतरहाट होटल व्यावसायिक संघ, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार, नेतरहाट थाना प्रभारी अरविन्द हेरेंज, नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामबिशुन नगेसिया,पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, शुभम कुमार, अयून रोय, संजय किसान, रेश्मा एक्का, मुकेश किसान, दिनेश कुशवाह, गजेन्द्र किसान, सागर कुमार समेत स्थानीय लोगों ने सक्रिय रूप से अपना योगदान दिया।








































































# लातेहार जिला विकास की ओर अग्रसर : बैद्यनाथ राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्थानीय विधायक सह प्रदेश के स्कूली शिक्षा, साक्षरता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में पूरा झारखंड चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला स्टेडियम आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को ध्वजारोहण कर सलामी देने के बाद लोगों को संबोधि कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। यह अवसर है उन अमर शहीदों को स्मरण करने का जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना अपनी जान को कुर्बान कर दिया है। इन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के कुर्बानियों को पूरा देश कभी नहीं भूला सकता है। उनके संकल्पों व आकाक्षाओं को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला राज्य व देश में पर्यटन स्थलों की खुबसूरती, हरी भरी वादियां, संगीतमयी झरणों के लिए विख्यात है। इस जिले की मौलिक समस्याओं के समाधान के लिए जिले के तमाम पदाधिकारियों के अलावा नागरिकों व जन प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर मंत्री ने जिला प्रशासन की उपलब्धियों को गिनाया। इससे पहले मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। साथ में उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी शामिल थे। परेड में कुल नौ टुकडियों ने भाग लिया। इनमें जिला पुलिस बल को प्रथम, एनसीसी बालिका को द्वितीय व सीआरपीएफ को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य परेड कमांडर के रूप में सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान करने के लिए विभागीय अधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन आशीष टैगोर ने किया। समारोह में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, अपर समार्हता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार के अलावा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अंकित पांडेय, विशाल कुमार आदि मौजूद थे।

## प्लस पोलियो अभियान सफल संचालन के लिए टास्क फोर्स की बैठक, उपायुक्त ने दिए निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में प्लस पोलियो 2024 के सफल संचालन के लिए टास्क फोर्स की बैठक में आगामी 25 से 27 अगस्त तक प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसएमओ डॉ. मृत्युंजय कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि जिला 997 बूथ बनाया गया है। उनमें 25 अगस्त को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद की खुराक पिलाई जाएगी। 26, 27 अगस्त को स्वास्थ्य दल द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके लिए पूरे जिले अंतर्गत 1031 दल, 130 पर्यवेक्षक, ट्रांसिट दल 32 बनाया गया है। पूरे जिले में 1 लाख 56000 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू ,जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो, लेप्रोसी कंसल्टेंट डॉ. राजेश कुमार, डीपीएम संतोष कुमार, डीपीएम व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## सांस्कृति कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, जिप सदस्य विनोद राम, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी व आफताब आलम समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार डांस एकेडमी की नाब्या राजपूत ने एक देशभक्ति नृत्य से किया। एकल नृत्य में केंद्रीय विद्यालय ऋषिका रंजन ने महाभारत के एक प्रसंग को प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार जीता। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जलता के राज लोहरा ने दूसरा, नाब्या राजपूत ने तीसरा पुरस्कार जीता। सामूहिक नृत्य में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, लातेहार ने प्रथम, मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय ने दूसरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह व लातेहार पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से तीसरा पुरस्कार जीता। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी चंदवा व मनिका, राजकीय मध्य विद्यालय आश्रम व बाजार, मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय बालिका, विवान व वाणी, एनवीसी डांस एकेडमी व स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भाग लिया। स्वर संगम के आशीष टैगोर ने होंठो पे सच्चाई रहती है, जहां दिल में सफाई रहती है गीत गा कर लोगों में देश भक्ति की भावनाओं का संचार किया। बेहतर कार्यक्रम संयोजन व मंच संचालन के लिए आशीष टैगोर को उप विकास आयुक्त ने सम्मानित किया। मौके पर एसडीओ अजय कुमार रजक, डीइओ प्रिंस कुमार, डीएसई गौतम कुमार साहू, समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अनूप माइकल केरकेट्टा, एपीओ रोज मिंज व मनोज मिश्रा, स्वर संगम के अविनाश कुमार मौजूद थे।

## सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में शान से लहराया तिरंगा

**स्वामी विवेका नंद विद्यालय के बच्चों ने प्रतीकात्मक रॉकेट निर्माण कर सराहना बटोरी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय,थाना परिसर समेत सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा लहराया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख मिकी देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी अमीत कुमार, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन पूर्णिमा कुमारी, शहीद शक्ति सिंह स्मारक में बीडीओ मनीष कुमार,सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया व सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों ने तिरंगा झंडा फहराया व तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और प्रभात फेरी निकाली गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेका नंद स्टेडियम में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ मनीष कुमार ने झंडोत्तोलन कर की गई।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल उपरौंध के छात्रों द्वारा झांकी व परेड का आयोजन किया गया गया। बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी अमीत कुमार, प्रमुख मिकी देवी द्वारा की गई। स्वामी विवेका नंद विद्यालय के बच्चों ने रॉकेट निर्माण किया जिसका सफल परीक्षण बीडीओ व प्रमुख तथा थाना प्रभारी के उपस्थिति में की गई। बच्चों के इस प्रयास की सराहना बीडीओ समेत थाना प्रभारी व अतिथियों ने किया। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय व स्वामी विवेका नंद प्लस टू विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।





























































# यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सांसद से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद से औपचारिक मुलाकात किया। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद सुखदेव भगत आवास पर बिशुनपुर विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी के नेतृत्व में औपचारिक मुलाकात कर सांसद द्वारा लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र के जन समस्याओं को संसद में रखने के लिये बधाई दिया है। वही विकास कार्यों के बारे चर्चा करते हुए सांसद सुखदेव भगत सिंह प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु स्थित लोहरदगा रांची मुख्य पथ से पंचायत भवन होते हुए सरना मसना तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण और मुख्य पथ से देवी मंडप से प्राथमिक विद्यालय होते हुए दक्षिण कोयल नदी छठ घाट तक पीसीसी पतब निर्माण और लोहरदगा गुमला बाईपास पथ सेरेंगहातु तोडार से सरना टोली होते हुए बलदेव साहू महाविद्यालय तक तथा छात्रवास होते लोहरदगा राँची मुख्य पथ तक पीसीसी एवं गार्डवाल निर्माण सेरेंघातु और दक्षिण कोयल नदी तट पर इको टूरिज्म टूरिस्ट प्लेस का मरममत्ती एवं विस्तार संबंधित चर्चा हुई।

## भंडरा में आन बान शान से लहराया तिरंगा

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गुरुवार को आन बान शान के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम अपने निर्धारित समय पर भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भंडारा उप प्रमुख राजमुनी उरांव व बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर संजय कुमार, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वार्डन, भंडरा थाना परिसर में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय में प्रधानाध्यापक डाक्टर सुधांशु कुमार, बीआरसी कार्यालय में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयनाथ महतो सहित सरकारी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र बैंक ऑफ इंडिया, कांग्रेस कार्यालय, मदरसा पर लोगों ने देश के वीर सपूतों को याद किया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि हम सभी आज आजादी के 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे है। हमें अंग्रेजो से आजाद कराने में कई देश के वीर सपूतों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है।

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
मनोज कुमार
बीएचओ
प्रखंड, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
खुर्शीद आलम
सेक्रेटरी
अंजुमन इस्लामिया सह समाजसेवी

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
सोहराई उरांव
सचिव, एकीकृत संघर्ष मोर्चा
लाल उमानाथ शाहदेव
प्रखंड अध्यक्ष, एकीकृत संघर्ष मोर्चा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
जुगल भगत
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रखंड

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
डॉ सुधांशु कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
श्रीलाल बहादूर शास्त्री उच्च विद्यालय सह प्लस टू, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
रतिया उरांव
निदेशक, आदिवासी परदाआना खोड़हा द्वारा संचालित आशा आदिवासी विद्यालय
बलसोता सरना टोली प्रखंड

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा की ओर से 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं सभी भंडरा प्रखंड वासियों एवं झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई
डॉ संजय कुमार
चिकित्सा प्रभारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा, लोहरदगा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
सरोज कुमार उरांव
प्रधानाध्यापक
राजकीयकृत मध्य विद्यालय, भौंरो प्रखंड, भंडरा।

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
सुबोध ऑनलाइन सेंटर
नवडीहा चौक, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
अरविंद कुमार सिंह
थाना प्रभारी, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
प्रतिमा कुमारी
प्रखंड विकास पदाधिकारी, भंडरा।

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
दुर्गा कुमार
अंचल अधिकारी, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
टेले उरांव
मुखिया भीठा पंचायत, भंडरा

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
अजय तिर्की
प्रधानाध्यापक
बिटपी प्लस टू विद्यालय

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी भंडरा वासियो समेत झारखंड वासियो को हार्दिक बधाई
आईये भंडरा प्रखण्ड के समुचित विकास में सहयोग करें।
मनोरमा कुजूर
प्रभारी प्रधानाध्यापिका, मिडिल स्कूल, भंडरा

78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे समस्त झारखंड वासियो को हार्दिक हार्दिक बधाई।
आजसू पार्टी
हमारा प्रयास : सामाजिक न्याय और विकास
झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व विधायक एवं आजसू पार्टी के पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष
स्व। कमल किशोर भगत
नीरू शांति भगत
भावी प्रत्याशी, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र, आजसू विधानसभा, प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव

78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे सभी झारखंड वासियों को हार्दिक हार्दिक बधाई
लोहरदगा नर्सिंग होम
LOHARDAGA NURSING HOME Estd. 2020
नवाड़ीपारा, महादेव टोली रोड, लोहरदगा।
मोबाईल नं : 8092803836, 9431919855
Reg No. 2035600241
उपलब्ध सुविधाएं
- 24×7 चिकित्सक व एम्बुलेंस सेवा
- ICU एवं NICU सेवा
- अत्याधुनिक मशीनो से इलाज
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- गर्भाशय का ऑपरेशन
- नार्मल डिलीवरी व आपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे सुविधा
- पैथोलॉजी (खून व पेशाब जांच)
- मेडिसिन (दवा खाना) सेवा
DR. RAJESH KUMAR BHAGAT
डा0 राजेश कुमार भगत
M.B.B.S. (General Physicians)
Paediatric Surgery (JR, NA)
RIIMS, Ranchi
Medical Officer, Sadar Hospital, Lohardaga
DR. DEEPIKA TIRKEY
डा0 दीपिका तिर्की
M.B.B.S. (PMCH) M.S. (Obst & Gynae)
K.E.M. Hospital, Mumbai
Ex-Senior Resident
Nair Hospital Mumbai.
नोट: बेटी बचाओ अभियान के तहत नर्सिंग होम में बेटी के जन्म होने पर प्रोत्साहन राशि का प्रावधान

स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2024 के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आत्मसमर्पण नीति
1। सरकार द्वारा चिन्हित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2। आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी जायेगी।
3। प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4। राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को नि:शुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
5। आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल-सह- पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6। आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति / व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7। ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8। आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें:-
1। 9431706376 2। 9431706182 3। 9471182118 4। 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
ज्ञापांक 582/सां0शा0
निवेदक
पुलिस अधीक्षक, गुमला।

78वां स्वाधीनता दिवस के पावन पुनित बेला में समस्त लोहरदगा वासियो, मित्रो, शुभेच्छुओं को हार्दिक हार्दिक बधाई।
वाणिज्य व्यापार को करें प्रोत्साहित, अर्थव्यवस्था को बनाएं मजबूत
राजेश कुमार महतो
क्षेत्रीय उपाध्यक्ष
फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कामर्स, दक्षिणी छोटानागपुर
लोहरदगा।

78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे समस्त लोहरदगा वासियो को हार्दिक बधाई
करमदेव उरांव
संचालक
बिरसा उरांव पब्लिक स्कूल
कल्हेपाट, सेन्हा, लोहरदगा।
मोबाइल नंबर : 6200932719

78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे समस्त लोहरदगा वासियो को हार्दिक बधाई
प्रखंड विकास पदाधिकारी
सदर प्रखंड, लोहरदगा

# राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे विकास : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** डुमरिया प्रखंड में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर प्रखंड कार्यालय परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जिसमें अष्टकोशी प्लस टू हाईस्कूल के छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा प्रस्तुति को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. विधायक संजीव सरदार ने इस अवसर पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. साथ ही मेट्रिक के टॉपर्स और उनके परिजनों को सम्मानित किया. विधायक ने इस अवसर पर कहा कि सांस्कृतिक विरासत और आजादी के लिए शाहिदों की याद को बचाकर रखना है. उन्होंने कहा आजादी की झारखंड के अंतिम छोर तक लोगों को विकास से जोड़ने और शिक्षित करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. विधायक ने बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू को इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार जताया. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय में उप प्रमुख चैतन मुर्मू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया. डुमरिया थाना में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी. स्वतंत्रता दिवस के दिन रांगामाटिया सिदो-कान्हू फुटबॉल मैदान में बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू के पहल पर प्रशासन एकादश और विधायक एकादश के बीच मैत्री फुटबॉल मैच खेला गया. इसमें विधायक संजीव सरदार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने खेल फुटबॉल मैच में भाग लिया. विधायक एकादश की टीम ने तीन गोल से जीत दर्ज की. विजेता टीम को सीओ चंचला कुमारी ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. मौके पर बीडीओ निलेश कुमार मुर्मू, सीओ चंचला कुमारी, सीएचसी प्रभारी डॉ. सायबा सोरेन, डॉ. कल्याण महतो, उप प्रमुख चैतन मुर्मू, मुखिया तपन कुमार मुर्मू, सुरेश हेंब्रम, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, समाजसेवी मिर्जा सोरेन, उदय मुर्मू आदि उपस्थित थे.

# मशरूम खाकर एक ही परिवार के 8 लोग बीमार, पहुंचे अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मशरूम खाना हजारीबाग के एक परिवार को महंगा पड़ गया। मशरूम खाने से दो परिवार के 8 सदस्य फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। इसके बाद लोगों को चक्कर और बेहोशी आने लगी। सभी को आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर है, जिसके बाद उसे मेडिका रांची रेफर कर दिया गया। पूरा मामला हजारीबाग के बड़कगांव के आंबडेकर टोला का है। यहां दो परिवार के आठ लोग जंगली मशरूम खाने के बाद बीमार हो गए। परिजनों ने बताया कि ये लोग पूजा करने के लिए महूदी पहाड़ स्तिथ बुढ़वा महादेव मंदिर गए थे। वहां द्वारपाल गुफा के पास उन्हें काला और पीला रंग का मशरूम मिला। जिसे उन्होंने उसे तोड़ लिया और घर आकर पकाकर खाया। इसके बाद उन लोगों को उल्टी और बेहोशी आने लगी, जिसके बाद आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। यहां अरविंद राम की बिगड़ी तबीयत को देखते हुए उसे मेडिका रांची रेफर कर दिया गया। अभी सभी लोगों की हालत स्थिर है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक डॉ. एके सिंह ने बताया कि खुखड़ी को इम्यूनिटी और प्राकृतिक विटामिनों का खजाना माना जाता है। इसमें आयरन व मिनरल भी पाए जाते हैं। लेकिन, जंगल या खेत में उगने वाली खुखड़ी कई बार फूड पॉइजनिंग का कारण बन जाती है। इससे कई लोगों की जान पर बात बन आती है। कोशिश करें कि जंगली मशरूम का सेवन न करें। अगर फिर भी इसका सेवन कर रहे हैं तो इसे पकाने से पहले गर्म पानी में उबालकर अच्छे से साफ कर लेना चाहिए।

# तेंदुए की खाल के साथ 3 गिरफ्तार 10 करोड़ में होने वाली थी डील



*जमशेदपुर रेंज के रेंजर दिग्विजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाकर बाहर भेजा गया है साथ ही गढ़वा और पलामू के वन अधिकारी भी छापेमारी कर रहे हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** जमशेदपुर में वन विभाग ने छापेमारी कर तेंदुए की खाल के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर वन विभाग का कहना है कि जमशेदपुर के वन प्रमंडल में बाघ या तेंदुआ नहीं है। यह पूरी तरह से तस्करी का मामला है जिसको लेकर वन विभाग कई जिलों मे छापेमारी कर रही है। वन विभाग ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जमशेदपुर में काफी दिनों से एक व्यक्ति तेंदुए की खाल के साथ 10 करोड़ की डील करने में लगा हुआ है। जिसके आधार पर जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। जिसमें 3 लोगों को तेंदुए की खाल के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि जमशेदपुर में इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है जिसके बाद विभाग दायरे में आ गया है। साथ ही जमशेदपुर वन विभाग के अधिकारी ने इसकी जानकारी दूसरे जिले के वन अधिकारियों को भी दे दी है। जानकारी देते हुए डीएफओ ने बताया कि इस तस्करी में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, जमशेदपुर रेंज के रेंजर दिग्विजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाकर बाहर भेजा गया है। साथ ही गढ़वा और पलामू के वन अधिकारी भी छापेमारी कर रहें हैं। इस ग्रुप के लीडर को भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मांगीलाल जैन की पुण्य स्मृति में ट्रस्ट के सदस्यों ने किया अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण


**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिस्ट्र) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान शुक्रवार को पुंदाग थाना के पीछे निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम) पुंदाग के प्रांगण मे लगभग 900 से ज्यादा निर्धन, लाचार असहाय एव विकलांग बच्चों महिलाओ और पुरुषो के बीच स्वड्ड मांगीलाल जैन की स्मृति में 163 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे पुड़ी, आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, खीर, भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया गया। आज स्व. मांगीलाल जैन की पूण्य तिथि में उनके पुत्र रामपाल जैन पौत्र अभय जैन परपौत्र अरिहंत जैन की उपस्थिती में जरूरतमंद परिवार के श्रद्धालुओ बच्चो महिला एव पुरुषो के बीच 163 वें निःशुल्क श्री कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण करने पर संस्था के सदस्यों को बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा था।

# गोड्डा में सड़क हादसे में 2 नाबालिग की मौत, तीसरे की हालत नाजुक



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा** जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के कुमरडोय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम देखने जा रहे 3 नाबालिग छात्रों का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट में 2 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं, तीसरा गंभीर रूप से घायल है। तीनों नाबालिग लड़के एक ही बाइक पर सवार थे। घटना के बाद से इलाके में मातम पसर गया है। वहीं, पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। तीनों लड़कों की पहचान धमरी के रहने वाले प्रिंस राय, चंदन राय और आशीष राय के रूप में हुई है। जो धमरी इंटर कॉलेज के छात्र थे। तीनों लड़के एक ही बाइक पर सवार हो कर तेज गति से जा रहे थे। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण अचानक बाइक से सवार का नियंत्रण हट गया और तीनों बिजली के पोल से टकराकर गढ्ढे में गिर गए। घटना के बाद मेहरमा थाना पुलिस घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए। जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। इसी दौरान रास्ते में प्रिंस और चंदन राय ने दम तोड़ दिया। वहीं, आशीष राय की भी हालत नाजुक बतायी जा रही है। स्वतंत्रता दिवस पर 2 किशोर की मौत के बाद गांव के लोग काफी दुखी है। स्थानीय विधायक सह मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए हर जरूरी मदद देने की बात कही है।

# खरकई सिंचाई परियोजना से आयेगी क्षेत्र में खुशहाली, किसानों को होगा फायदा : चंपाई




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** पूर्व मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां के गंजियां बराज में खरकई बाईं लिफ्ट सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। उनके बटन दबाते ही आसपास के दर्जनों गांवों के खेतों में सिंचाई का जल पहुंचना शुरू हो गया। इस अवसर पर चंपाई सोरेन ने कहा कि खरकाई नदी के जल को संचय कर, उसे खेतों में भेजने की इस योजना से क्षेत्र में खुशहाली आयेगी। इसके साथ ही, इसी योजना द्वारा सीतारामपुर डैम तक भी जल पहुंचाया जा रहा है, जिसका फायदा क्षेत्र के किसानों और आम लोगों को मिलेगा।

**हर खेत में सालों भर सिंचाई का प्रयास :** उन्होंने कहा कि सभी किसानों को खेतों में सालों भर सिंचाई का जल उपलब्ध करवाने का प्रयास चल रहा है, ताकि वे रबी, खरीफ के अलावा भी साग सब्जियां उगा कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें। इस परियोजना से गम्हरिया प्रखंड के 44 गांवों में 3700 हेक्टेयर खेतों को सिंचाई की सुविधा मिली है, जबकि सीतारामपुर डैम द्वारा 101 मिलियन लीटर जल प्रतिदिन आदित्यपुर नगर निगम को मिलेगा, जिसे पेयजल आपूर्ति के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।

**साल भर कर सकेंगे खेती :** इस परियोजना की शुरूआत पर खुशी जताते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें खेती के लिए बारिश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिस से वे साल भर खेती कर पाएंगे। इस कार्यक्रम में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के प्रशासक अनन्य मित्तल, ईचा-गालूडीह कॉम्प्लेक्स के मुख्य अभियंता मोतीलाल पिंगुआ, रामनिवास प्रसाद, विजय कुमार भगत, कुमार अरविन्द, आलोक कुमार, चंदन कुमार समेत कई अभियंता-अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान उपस्थित थे।

# अमन साहू गिरोह के गुर्गों ने सीएसपी संचालक को मारी थी गोली, एक अपराधी गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह में 12 अगस्त को सीएसपी संचालक से लूटपाट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू गिरोह के गुर्गों ने वारदात को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने वाले एक अपराधी को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लूटपाट में प्रयुक्त दो बाइक भी पुलिस ने जब्त की है। हालांकि लूटी गई रकम, पिस्टल और घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम की छापेमारी जारी है।

**बाकी के अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जारी है छापेमारी :** पुलिस का दावा है कि जल्द ही बाकी के अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार अपराधी का नाम साजन अंसारी उर्फ शाहीद अंसारी है और वह रामगढ़ थाना क्षेत्र के भुरकुंडा का रहने वाला है। एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पतरातू, मांडू और कुजू थाना में पहले से पांच मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ ने बताया कि 12 अगस्त को लूटपाट की घटना के बाद सीएसपी संचालक विश्वनाथ यादव ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। केस में एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए एसआईटी गठित की गई थी। पुलिस की विशेष टीम अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इस क्रम में पुलिस को शुक्रवार को सफलता हाथ लगी है।

हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट

# चिकित्सकों ने किया कार्य बहिष्कार




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुक्रवार को डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सेवा बाधित कर दी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दोपहर 12:00 बजे के बाद से किसी भी मरीज का इलाज नहीं हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। डॉक्टरों का आरोप है कि मरीज की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट की है। घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टरों में आक्रोश है।

**जान से मारने की कोशिश करने का भी आरोप :** वहीं मामले में डॉक्टरों का आरोप है कि इलाज के दौरान चिकित्सक के साथ मारपीट की गई थी।डॉक्टरों का आरोप है कि मरीज के परिजनों ने जान से मारने की भी कोशिश की है। चिकित्सक सोमां उरांव का आरोप है कि मरीज की मौत पहले ही हो चुकी थी। जब परिजनों को इसकी जानकारी दी गई उन्होंने मारपीट की।वहीं जैसे ही मारपीट की जानकारी अन्य चिकित्सकों को मिली तो उन्होंने मेडिकल कॉलेज में कार्य बहिष्कार कर दिया है। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई।

**प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग :** इस दौरान प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि यदि चिकित्सकों को सुरक्षा नहीं दी गई तो कोलकाता जैसी घटना हजारीबाग में भी घट सकती है। डॉक्टरों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज मुख्यालय से काफी दूर है और यह सड़क हमेशा सुनसान रहती है। दूसरी ओर अस्पताल में भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। डॉक्टरों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## खेल के क्षेत्र में नवयुवकों की प्रतिभा को प्लेटफार्म प्रदान करना बेहद जरूरी : डॉ परमेश्वर



**बेड़ो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम करांजी जराटोली में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किए। इस अवसर पर डॉ परमेश्वर भगत ने खेल के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया इन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और समर्पण के साथ खिलाड़ी अपना खेल को खेले। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक है बल्कि यह सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देता है मौके पर आकाज मंजर, महताब अंसारी,अजीज अंसारी, इमरान अंसारी, इरशाद अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102
email:gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone:-06562-295539

**1st e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.52/PR/JBVNL/2024-25 (Related with heating chamber at Latehar), under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extend as following manner:-
IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 26.08.2024 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 26.08 .2024 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of opening of tender (Techno- Commercial Cover ) | On Dated 28.08.2024 at 15:30 Hrs. |

i) Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
ii) For any clarification please contact: 9835574043
iii) Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 330294

Sd/-
General Manager (Technical)
ESA, Medininagar

PR 332912 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**(6th Call)**
**अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-01/2024-25 दिनांक – 16.08.2024**

1. Name of Work :- Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtr.(av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark -II Hand pump, Construction of platform & drain etc. on "Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GAR/GPT/60mtr-04 | 26 Nos | 38.29284 | 0.77 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 17.08.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 27.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई० गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | 27.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | 28.08.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | - | ई० प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं० – 9973003856 | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं० 0651–2490920 | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,गढ़वा

PR 332927 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०- : 10 / 2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.08.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.08.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.08.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of Auditorium of Netarhat Residential School at Netarhat in Latehar Disitrct. | 2195450.00 | 44 ,000/ - | 500 0/- | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 332926 Building (24-25)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**
**Email – dddopalamu@gmail.com**

–:दुधारू पशु वितरण हेतु पलामू जिला के लिये सभी सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ताओं के लिये आवश्यक सूचना:–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(गव्य विकास निदेशालय) झारखण्ड, रॉंची द्वारा पलामू जिला के लिये सूचीबद्ध दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों को दुधारू मवेशी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक– 18.08.2024 से अगले आदेश तक के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू परिसर, सुदना, डालटेनगंज में दुधारू पशुमेला का आयोजन किया गया है।

पशुमेला में पशु आपूर्तिकर्ता को पशु लाने संबंधी आवेदन जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को उपलब्ध करायेंगे एवं साथ ही जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से सम्पर्क स्थापित करेंगे।

दुधारू पशुमेला में पशुआपूर्तिकर्ता द्वारा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0 | विवरणी | शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | दुधारू गाय | अधिक से अधिक संख्या में उन्नत देषी नस्ल की दुधारू गाय साहिवाल/गिर/रेड सिन्धी(लाभुक के माँग अनुसार संकर हॉलस्टीन फ्रिजियन/जर्सी)। |
| 2. | ब्यॉंत | पहली/दूसरी ब्यॉंत(अधिकतम 01 माह तक के अंदर का बाछा/बाछी। प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा जॉंचोपरान्त क्रय की कार्रवाई की जायेगी। |
| 3. | दूध देने की क्षमता | न्यूनतम 10–12 लीटर प्रतिदिन। |
| 4. | पशु स्वास्थ्य | राज्य के बाहर से जहॉं से गाय लाते हैं, के संबंधित स्थल के पशुचिक्तिक से संक्रमण बिमारी (Thileria, Redwater, HS, BQ & FMD) का टीकाकरण एवं स्वस्थ्य प्रमाण–पत्र Schedule-H पर प्रमाण–पत्र का उल्लेख/अंकित अनिवार्य होगी अथवा स्थानीय स्थानीय पशुमेला स्थल के पशुचिकित्सक द्वारा टीकाकरण कराकर Schedule-H प्रमाण पत्र अंकित कराकर Schedule-H कार्यालय को उपलब्ध कराना अतिआवष्यक होगा अन्यथा गाय की बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। |
| 5. | पशु व्यापारियों को राज्य के बाहर से ही दुधारू पशु बिक्री हेतु लाना है। पशु व्यापारियों(विक्रेता) द्वारा पशु–क्रय से संबंधित रसीद/वाहन संख्या के साथ नोटराईज्ड शपथ–पत्र संलग्न करना आवष्यक है | |
| 6. | दुधारू पशुओं को रखने के लिए अस्थायी शेड का निर्माण पशु विकेता स्वयं के खर्च पर करेंगे। | |
| 7. | लगातार तीन शाम दूध की दूहाई देखने के बाद ही पशु व्यापारियों एवं किसान/पषुपालक की आपसी सहमति के आधार पर दुधारू पशु की कीमत/मुख्य निर्धारण उपरान्त दुधारू गाय क्रय कराने की कार्रवाई की जायेगी। | |
| 8. | कम से कम 14 दिनों तक कोरेन्टाईन समय का पालन करना अति आवष्यक होगा। | |
| 9. | खून, गर्भधारण एवं संक्रमण रोग संबंधी जॉंच पशु व्यापारी द्वारा अपने खर्च पर कराया जायेगा। | |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 332890 (Palamu)24-25*D

संपादकीय

# लाल किले से भविष्य के भारत के संदेश


पीएम मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 11वीं बार लाल किले के प्राचीर से तिरंगा झंडे का ध्वजारोहण किया। उन्होंने 98 मिनट का सबसे लंबा स्वतंत्रता दिवस भाषण देकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण औसतन 82 मिनट के होते थे। यह भारत के इतिहास में किसी भी अन्य प्रधानमंत्री से ज्यादा लंबा भाषण था। इससे पहले उनका सबसे लंबा स्वतंत्रता दिवस भाषण 2016 में 96 मिनट का था, जबकि उनका सबसे छोटा भाषण 2017 में था, जब उन्होंने लगभग 56 मिनट तक भाषण दिया था। पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की कि बांग्लादेश में हालात जल्द ही सुधरेंगे, साथ ही उन्होंने वहां हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर चिंता भी जताई।

**देश में कम्युनल नहीं, सेक्युलर सिविल कोड चाहिए। मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों के लिए दी जाने वाली सजाओं का व्यापक प्रचार करने की जरूरत है।**

मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीय पड़ोसी देश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालकिले से अपने संबोधन में कहा कि भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध है और वह बांग्लादेश की विकास यात्रा में उसका शुभचिंतक बना रहेगा। पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी बार है, जब मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता जताई है। आठ अगस्त को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मुहम्मद यूनुस को शुभकामना देते हुए मोदी ने उनसे हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। पीएम ने अपने संबोधन में देश में समान नागरिक संहिता की वकालत करते हुए कहा कि देश में कम्युनल नहीं, सेक्युलर सिविल कोड चाहिए। मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों के लिए दी जाने वाली सजाओं का व्यापक प्रचार करने की जरूरत है, ताकि गलत करने वालों को कानून का डर बना रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास मॉडल पर काम किया है, लेकिन वे अभी भी महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और हिंसा की घटनाओं को लेकर चिंतित हैं। मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर कृषि क्षेत्र में बड़े सुधारों पर भी जोर दिया और देश में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने जैविक खेती को चुनने के लिए किसानों की सराहना की। मोदी ने कहा कि देश के छात्र दूसरे देशों में मेडिकल की पढ़ाई करने जाते हैं, जो सही नहीं। इसके चलते अगले पांच वर्षों में 75,000 और मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक ही संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं वो है विकास, लेकिन कुछ लोग हैं जो प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर सकते या भारत की प्रगति के बारे में तब तक नहीं सोच सकते जब तक कि इससे उन्हें लाभ न हो। वे अराजकता चाहते हैं। देश को इन मुट्ठी भर निराशावादी लोगों से खुद को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मुझे इस लड़ाई की कीमत चुकानी होगी, मेरी प्रतिष्ठा दांव पर लग सकती है, लेकिन देश का हित व्यक्तिगत प्रतिष्ठा से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

# 'आओ फिर से दिया जलाएं' की पंक्तियां जीवन संघर्ष में जूझने की ताकत देती हैं

(पूर्व पीएम, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर विशेष)



आज की बात



विजय केसरी
(कथाकार/स्तंभकार)

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 2018 में स्वाधीनता दिवस के दूसरे ही दिन निधन हो गया था। उनके निधन का समाचार सुनकर संपूर्ण देश स्तब्ध रह गया। विश्व के लगभग सभी बड़े अखबारों ने अटल जी के निधन का समाचार बहुत ही प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। वे विलक्षण प्रतिज्ञा के धनी थे। और राजनीति में रहकर भी नैतिकता पर कभी आंच आने नहीं दिया। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय राजनीति को समर्पित रहा था। वे एक पत्रकार के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत कर कई पत्र पत्रिकाओं का संपादन करते हुए जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष पदों में रहकर देश का प्रधानमंत्री बने थे। वे एक कुशल राजनेता, प्रखर वक्ता के साथ कवि भी थे। वे सार्वजनिक मंचों से लेकर सांसद भवन तक में अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करते रहे थे। आज उनकी पुण्यतिथि पर 'मेरी इक्यावन कविताएं', 'कविता संग्रह' की 'आओ फिर से दिया जलाएं' शीर्षक कविता जीवन संघर्ष से जूझने व लड़ने की ताकत देती हैं। आज की बदली परिस्थिति में चंहुओर हताशा, निराशा और अशांति ने मनुष्य को मनुष्य से अलग कर दिया है। ऐसे में उनकी कविताएं मनुष्य के जीवन में फिर से एक नई ताकत भर देती है। इस संग्रह की कविताएं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत है। राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा, राष्ट्र में निवास करने वाले लोगों की स्वतंत्रता की रक्षा करती करती नजर आती हैं। उनकी कविताएं मर्म और संवेदना को छूती हैं। उनकी कविताएं फिर से उठ खड़े होने के लिए भी ललकारतीं हैं। उनकी कविताएं विपत्ति के समय धैर्य और संयम से काम लेने का संदेश भी देती है। अटल जी की पंक्तियां इस प्रकार है। आओ फिर से दिया जलाएं/भरी दुपहरी में अंधियारा/सूरज परछाई से हारा/अंतरम का नेह निचोड़े/बुझी हुई बाती सुलगाएं/आओ फिर से दिया जलाएं।... इन पांच पंक्तियों में अटल जी ने बहुत बड़ी बात कहने की कोशिश की है। बस जरूरत है इन पंक्तियों को समझने की। उन्होंने कहा, आओ फिर से दिया जलाएं, भरी दुपहरी में अंधियारा के माध्यम से सवाल खड़ा करते हैं। आज जो वैश्विक युद्ध खतरा मंडरा रहा है। इजरायल-फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस आग के गोलों से जलते नजर आ रहे हैं। इस युद्ध ने चारों देशों के निवासियों के जीवन को दूभर बना दिया है। अर्थात भरी दुपहरी में यह कैसा अंधियारा? सूरज परछाई से हारा। आज सूरज अपनी परछाई से हारा नजर आता है। सूरज कोई और नहीं बल्कि हम सब ही हैं। हमारी ताकत, हमारी ऊर्जा लथपथ है, बेहाल है। इसे फिर से साकारात्मक बनाने की जरूरत है। मनुष्य को मनुष्यता की पाठ पढ़ने की जरूरत है। बस! एक मनुष्य को मनुष्य बनने की जरूरत है। आगे कविता की पंक्तियां कहती हैं कि 'अंतरम का नेह निचोड़े, बुझी हुई बाती सुलगाएं।अटल जी एक युगद्रष्टा के रूप में इन पंक्तियों में अपनी बातों को रखते हैं। अंतरम का नेह निचोड़े, बुझी हुई बाती सुलगाएं । हमारे-आपके अंदर एक बाती है, जो हम सबो की उर्जा है। वह बुझी गई है। आज उसी बुझी हुई बाती को मिलजुलकर जलाएं। आओ फिर से दिया जलाएं। मित्रों! इस विकट परिस्थिति में आगे कविता की पंक्तियां कहती हैं। हम पड़ाव को समझे मंजिल/लक्ष्य हुआ आंखों से ओझल/वर्तमान के मोह जाल में/ आने वाला कल न भुलाएं/ आओ फिर से दिया जलाएं। साथियों! कविताएं तो बहुत सारी लिखी गई । निरंतर लिखी जा रही हैं। लेकिन जिस राष्ट्रभक्ति और वैश्विक दृष्टि के साथ अटल जी ने इन पंक्तियों को प्रस्तुत किया है। सदियों बाद इस तरह की पंक्तियां लिखी जाती है। इस जीवन को हम सब पड़ाव समझें न कि मंजिल। पड़ाव क्या है? आज विश्ववासी अपने-अपने देशों में रहकर भी डर के साए में जीवन बिताने को विवश। हम सबों ने अपने-अपने कृतियों से इस खूबसूरत जीवन को कितना संकटग्रस्त बना दिया हैं। इस जीवन को हम सब खूबसूरत बना सकते हैं। बस! एक खूबसूरत कोशिश करने की जरूरत है। यह पड़ाव ही हम सबों की सफलता की मंजिल है। आगे पंक्तियां कहती हैं कि लक्ष्य हुआ आंखों से ओझल। आज हम सबों का लक्ष्य एक पेंडुलम की तरह डोलता नजर आ रहा है। हमारा जीवन भी एक पेंडुलम की तरह बनकर रह गया है। आज विश्व धर्म, जात- पात, पंथ, शक्तिशाली और महाशक्तिशाली के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। इससे मुक्ति का मार्ग ही श्रेष्यकर है। मानवीय सोच हमारे चिंतन से दूर हो चुका है। साम्राज्यवाद विस्तार में हमारी सोच को ही निकल गया है? जब तक ऐसी सोच से हम सब मुक्त नहीं होंगे तब तक कदापि अपने लक्ष्य को प्राप्त कर नहीं सकते। आगे कविता की पंक्तियां कहती हैं कि वर्तमान के मोह जाल में, आने वाला कल न भुलाएं/आओ फिर से दिया जलाएं। मानवीय जीवन का जो मोह जाल है, उससे मुक्त होना ही जीवन का सर्वोत्तम सोपान है। इसके साथ यह भी याद रखना है कि आने वाला कल हमारे वर्तमान के कृत्य का दर्पण होता है। उस दर्पण में,..जो कृत्य हम करेंगे वही दिखेगा। इसलिए स्वयं के अंदर छुपे मनुष्यता के भाव को जागृत कर जीवन को अंधकार से मुक्त कर सकते हैं। हमारा संकल्प ही हमें अंधकार से मुक्त कर सकता है। इसलिए अटल जी बार-बार कहते हैं, आओ फिर से दिया जलाएं। अटल जी की अंतिम पांच पंक्तियां अद्भुत और निराली हैं। पंक्तियां आगे बढ़ते हुए कहती हैं। आहुति बाकी यज्ञ अधूरा /अपनों के विघ्नों ने घेरा/अंतिम जय का वज्र बनाने/ नव दधीचि हड्डियां गलाएं /आओ फिर से दिया जलाएं। मित्रों ! इस विकट परिस्थिति में हम सबों के समवेत आहुतियां ही इस वैश्विक युद्ध संकट से मुक्ति दिला सकती है। हम सबों की समवेत आहुतियां यज्ञ में पड़नी चाहिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजेंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात


# सरकार अनंतकाल तक सरकारी उपक्रमों में पूंजी नहीं डाल सकती



राकेश दुबे

भारत ने गुरुवार को अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना ही लिया। प्रतिपक्ष इस बात का सबूत माँगता रहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र से संबंधित नीतियों में सूक्ष्म किंतु महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है तो क्या? पिछले सप्ताह लोक सभा में पेश किया गया नया संशोधन विधेयक ही काफी है। यह सही है कि सैद्धांतिक तौर पर सरकार अपने उस पुराने निर्णय पर अटल है कि कम महत्त्व वाले क्षेत्रों के सरकारी उपक्रमों से वह निकल जाएगी और महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति कम से कम रखेगी, परंतु इस नीति को अगर त्यागा नहीं भी गया है तो फिलहाल यह रुकी हुई प्रतीत होती है। मोदी सरकार ने आईडबीआई के अलावा दो सरकारी बैंकों के निजीकरण का प्रस्ताव रखा था। तब से तीन वर्ष बीत गए हैं और अब थोड़ी बहुत उम्मीद इस बात की है कि आईडीबीआई बैंक को चालू वित्त वर्ष के अंत तक निजी हाथों में बेच दिया जाएगा। इस माह के आरंभ में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बैंकिंग नियमन अधिनियम, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे उम्मीद बढ़ी कि निजीकरण के मोर्चे पर कुछ प्रगति हो रही है। जैसा पिछले सप्ताह के घटनाक्रम में दिखा, इन संशोधनों का प्राथमिक उद्देश्य था बैंक खातों और लॉकरों के धारकों के लिए अधिकतम चार व्यक्तियों को नामित किए जाने की अनुमति देना, सहकारी बैंकों के निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाना और जिस लाभांश, शेयर तथा ब्याज या बॉन्ड की रकम पर दावा नहीं किया गया, उन्हें निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में भेजने में सहायता करना। सरकारी उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी बेचने की गति भी काफी धीमी रही है। 2017-18 और 2018-19 में विनिवेश राजस्व एक लाख करोड़ रुपये के करीब रहा। उन दोनों वर्षों में तेजी के बाद इस मोर्चे पर सरकार का प्रदर्शन निरंतर कमजोर होता रहा। महामारी के बाद खासतौर पर ऐसा हुआ। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात


# नारी विमर्श की मुखर अभिव्यक्ति है सुभद्रा कुमारी चौहान की कथा दृष्टि

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



सुभद्रा कुमारी चौहान

सुभद्रा कुमारी चौहान की खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी, हिन्दी के सर्वाधिक पढ़े व गाये गये गीतों में से एक है। यह गीत स्वयं में गीत से अधिक वीर गाथा की एक सच्ची कहानी ही है ! जिसमें कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन के सारे घटना क्रम को एक पद्यात्मक कहानी के रूप में इस सजीवता से प्रस्तुत किया है कि पाठक या श्रोता वीर रस से भाव विभोर हो उठता है। यह रचना उनकी पहचान बन गई है। इस गीत की संगीत बद्ध प्रस्तुतियां किसी भी देश राग के आयोजन को ओजस्विता से भर देती है। जबलपुर की ही साधना उपाध्याय जी के दल ने इस गीत पर बेहद खूबसूरत नृत्य नाटिका तैयार की है जिसकी अनेक प्रस्तुतियां जगह जगह हुई हैं। किसी भी मनुष्य का व्यक्तित्व एवं उसका बौद्धिक विकास, उसके परिवेश, देश, काल, परिस्थिति के अनुरूप होता है। सुभद्रा कुमारी चौहान एक साथ ही प्रगतिशील नारी, गृहिणी, मां, कवि, लेखिका, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जननेत्री व राजनेता थीं। वे जमीन से जुड़ी हुई थीं, अतः उनके अनुभवों का संसार बहुत विशाल था। उन दिनो स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था। भारतीय समाज में जातिगत, वर्गगत, धर्मगत, लिंगगत रूढियां अपने चरम पर थीं। पर्दा प्रथा, बाल विवाह, छुआ छूत, दहेज प्रथा, बहुविवाह, नारी उत्पीडन, सती हो जाने जैसी कुप्रथायें उनके समय समाज में स्त्रियों की प्रगति की बाधा बनी हुई थी। अपनी कहानियों से सुभद्रा जी ने इन कुप्रथाओ के विरुद्ध भरपूर आवाज उठाई। यही कारण है कि उनके साहित्य में कहीं भी नाटकीयता व बनावटीपन नहीं है वरन वह हृदय स्पर्शी, वास्तविकता के निकट जन मन की अभिव्यक्ति बन पड़ा है। उन्होने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में हिस्सेदारी निभाई स्वाभाविक है कि उनकी लेखनी ने देश प्रेम के मनोभावो का चित्रण अपनी कविता कहानियो में भी किया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**आप, अपने सभी परिसीमनों से परे, जितना चाहे उतना दूर जा सकते हैं, और एक महानतम विजयी जीवन जी सकते हैं।**

# विपत्ति के समय में शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

वह जीवन कोई जीवन ही नहीं जिसमें समस्यायें न हों-जो हमें खुद को बेहतर बनाने की और अपनी दिव्य क्षमता का विकास करने की प्रेरणा ही न प्रदान करता हो। स्वयं पर जय प्राप्त करना ही वास्तव में विजयी होना है- इसका अर्थ है अपनी आबद्ध चेतना पर विजय प्राप्त करना और निर्बाध रूप से अपनी दिव्य शक्तियों का विस्तार करना। आप, अपने सभी परिसीमनों से परे, जितना चाहे उतना दूर जा सकते हैं, और एक महानतम विजयी जीवन जी सकते हैं। अज्ञान के उस मानसिक कारागार को तोड़ कर बाहर निकलिये जिसने आपको बन्दी बना रखा है। अपनी सोच को बदलिये। ज्ञान की विचार रूपी तलवार द्वारा उन विचार रूपी बेड़ियों को नष्ट कर डालिये जिन्होंने आपको बांध रखा है। जीवन एक संग्राम है और आपको इसे जीतने के लिये लड़ना होगा।...यह मानने से आपको कौन रोक सकता है कि आप एक देवता हैं? कोई नहीं। आप स्वयं ही अपनी बाधा हैं। यदि आप शाश्वत प्रसन्नता पाना चाहते हैं तो आपको यह सोचना बन्द करना होगा कि आप एक नश्वर प्राणी हैं। अपने दैनिक जीवन में इस सत्य का अभ्यास कीजिये। अपने अन्तं से मुस्कुराते हुए इस संसार की ओर मुस्कुराइये। चाहे कुछ भी क्यों न हो जाये, अपनी इच्छा से प्रसन्न रहना सीखिये और उस प्रसन्नता को अपने अन्त में थामे रखना सीखिये। कुछ लोग जीवन की परीक्षाओं से बिलकुल टूट जाते हैं, और वहीं कुछ लोग अपनी कठिनाइयों के बावजूद भी मुस्कुराते रहते हैं। **(क्रमशः)**

चिंतन-मनन

# मामूली बारिश में शहर जलमग्न होना, व्यवस्था की नाकामी



निर्मल रानी

वर्षा ऋतु का सावन माह अपने शबाब पर है। देश के विभिन्न भागों में हलकी,तेज तो कहीं बहुत तेज बारिश के समाचार हैं। पिछले दिनों 10 -11 अगस्त को पंजाब,हिमाचल व हरियाणा के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इसी बारिश का प्रकोप हरियाणा के भी कई जिलों में देखने को मिला।परन्तु अम्बाला शहर में 11 अगस्त रविवार की सुबह और दोपहर में केवल दो दो घंटे की बारिश ने तो लगभग पूरे शहर को ही डुबो कर रख दिया। न तो बारिश इतनी ज्यादा हुई व इतनी देर तक चली न कहीं से बाढ़ का पानी आया। परन्तु पूरा शहर पानी पानी हो गया। शहर का दृश्य ऐसा था गोया सड़कें नदी दिखाई दे रही थीं । हजारों घरों व दुकानों में पानी भरा हुआ था। अनेक बाजार बंद थे। अनेक वाहन सड़कों पर पानी में फंसे हुए थे। लोगों का कारोबार चौपट था। हद तो यह है कि रेलवे लाइन पर भी पानी भरा था और उसे पंप द्वारा निकालने की कोशिश की जा रही थी। बारिश के मौसम में अम्बाला शहर के एक बड़े इलाके को अक्सर ही इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। परन्तु सवाल यह है कि ऐसा क्यों और शहरवासियों की यह दुर्दशा कब तक? और यह भी कि क्या इसके लिये सरकार व सम्बंधित व्यवस्था की कोई जिम्मेदारी भी है ? अम्बाला शहर में पिछले दस वर्षों से एक ही भाजपा विधायक निर्वाचित हो रहे हैं। इन्हें मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में 14 वीं हरियाणा विधानसभा में हरियाणा के प्रथम सर्वश्रेष्ठ विधायक के रूप में चुना गया था। यह विधायक प्रदेश के सभी 90 विधायकों में इसलिये भी प्रथम पाए गये थे क्योंकि वे सदन में जनहित के मुद्दे उठाते थे। शायद इसी योग्यता के चलते ही इन्हें वर्तमान नायब सिंह सरकार में मंत्री का पद भी मिल गया है। कुछ वर्ष पूर्व जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को 'प्रधान सेवक ' कहलाने लगे थे उस समय इन विधायक जी ने भी अपने नाम में विधायक के स्थान पर 'नगर सेवक' लिखवाना शुरू कर दिया था। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### गुजरात सरकार के गरवी गुर्जरी को मिला केंद्र सरकार का ट्रेडमार्क ब्रांड

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने हथकरघा और हस्तकला क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। केन्द्र सरकार ने गुजरात राज्य हथकरघा और हस्तकला विकास निगम लि. (जीएसएचएचडीसी) को उसके ब्रांड गरवी गुर्जरी के लिए ट्रेडमार्क प्रमाणपत्र दिया है। निगम ने गरवी गुर्जरी के लिए यह ट्रेडमार्क प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। निगम पिछले कई दशकों से हथकरघा और हस्तकला के उत्पादों के लिए एक एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) ललित नारायण सिंह सांदु ने बताया कि पिछले दो दशकों से लगातार राज्य की पारंपरिक कला-कारीगरी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, और इसके परिणामस्वरूप निगम के गरवी गुर्जरी ब्रांड को केन्द्र सरकार का ट्रेडमार्क सर्टिफिकेट हासिल हुआ है। भारत सरकार की ओर से प्राप्त यह ट्रेडमार्क सर्टिफिकेट राज्य के हथकरघा और हस्तकला क्षेत्र के विकास एवं सुरक्षा के नए आयाम के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

### पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह बेऊर जेल से रिहा समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह

**पटना।** बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को शुक्रवार सुबह पटना स्थित बेऊर जेल से रिहा कर दिया गया। अनंत सिंह की रिहाई से उनके परिवार और समर्थकों में जबर्दस्त उत्साह है। अनंत सिंह की रिहाई को लेकर शुक्रवार अहले सुबह से बड़ी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता बेऊर जेल के बाहर जमे हुए थे। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल प्रशासन ने एंबुलेंस से उन्हें बाहर निकाला। सुबह पांच बजकर दस मिनट पर पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर निकले। अनंत सिंह के बेटे अंकित सिंह भी समर्थकों के साथ मौजूद थे। जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका शाही स्वागत किया। सबने मिलकर पूर्व विधायक का शानदार स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। वे यहां से अपने गांव लदमा के लिए रवाना हो गए हैं।

### चरम वामपंथी विचारधारा बच्चों के शोषण का महिमामंडन करती है : एनसीपीसीआर

**नई दिल्ली।** एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा एक स्कूली बच्चे की हत्या करने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चरम वामपंथी विचारधारा बच्चों के शोषण का महिमामंडन करती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इन नक्सलियों ने स्कूल यूनिफॉर्म पहने एक बच्चे की हत्या की है, वह निंदनीय है। आयोग इस घटना को लेकर बहुत गंभीर है। आयोग राज्य सरकार से बाकी स्कूली बच्चों को सुरक्षा मुहैया कराने की सिफारिश कर रहा है। इस घटना को लेकर मैं नक्सल विचारधारा वाले उन सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि वे कभी भी बच्चों के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने आगे कहा कि नक्सलियों द्वारा स्कूली बच्चों की हत्या उन सभी लोगों पर सवालिया निशान लगाती है जो नक्सलियों से सहानुभूति रखते हैं।

# भाजपा ने मांगा सीएम ममता का इस्तीफा पूछा, कब लेंगी घटना की जिम्मेदारी




> *पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार, कानूनी अधिकार या संवैधानिक औचित्य नहीं बचा है।*

**नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीजी प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के बलात्कार-हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इन सब के बीच भाजपा भी ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर हमलावर है। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि राज्य की मशीनरी ध्वस्त हो चुकी है। वर्दी से राज्य के नागरिकों की रक्षा करने की अपेक्षा की जाती है। जब वर्दी और पुलिस पर संविधान की भावना के विपरीत काम करने, राजनीतिक दल से जुड़े कुछ अपराधियों को बचाने और उन्हें बचाने का दबाव होता है, खासकर तब जब वह राजनीतिक दल सत्ता में हो, तो ऐसी घटनाएं होती हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय जैसे संवैधानिक जांच और संतुलन हैं। ममता बनर्जी को यह समझने की जरूरत है कि आप सच्चाई की हत्या नहीं कर सकती। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट को पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस पर भरोसा नहीं है। इसीलिए जांच सीबीआई को सौंपी गई है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी इस घटना की जिम्मेदारी कब लेंगी? वे कब इस्तीफा देंगी? ममता बनर्जी के पास एक मिनट भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार, कानूनी अधिकार या संवैधानिक औचित्य नहीं बचा है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि ममता ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों को निराश किया है। वे अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि 14-15 अगस्त को जो हिंसा हुई, वह 'बाम और राम' ने की। टीएमसी की हिंदू विरोधी मानसिकता इस संवेदनशील मामले में भी नहीं टिकती। घटनास्थल का डिजिटल खाका तैयार करने के लिए उच्च सटीकता वाला 3डी लेजर स्कैनर लेकर सीबीआई की एक टीम कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंची। एक प्रदर्शनकारी डॉक्टर ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं सुनी गईं तो हम सभी आपातकालीन सेवाएं बंद कर देंगे। हम ऐसा नहीं करना चाहते लेकिन अगर हमारी मांगें नहीं सुनी गईं तो यह हमारा आखिरी उपाय होगा।

# आरजी कर तोड़फोड़ मामले में गिरफ्तार शख्स निकला तृणमूल कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता**

स्वतंत्रता दिवस की रात आरजी कर अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के मामले में सौमिक दास नामक युवक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता है और स्थानीय पार्षद का खास माना जाता है। इसके बाद इस हमले में तृणमूल कांग्रेस का हाथ होने के विपक्ष के आरोप सही साबित होते जा रहे हैं। सौमिक दमदम के पूर्व सिंथी इलाके का निवासी है। उसे नागेरबाजार थाने से गिरफ्तार कर कोलकाता पुलिस को सौंप दिया है। शुक्रवार को कोलकाता पुलिस की गुंडा दमन शाखा के अधिकारी नागेरबाजार थाने पहुंचे और सौमिक से पूछताछ के बाद उसे लालबाजार ले जाया गया। इस गिरफ्तारी का घटनाक्रम काफी नाटकीय रहा। पहले सौमिक ने मीडिया के सामने आकर अपनी बात रखी और फिर खुद ही नागेरबाजार थाने पहुंच गया। इसके बाद, थाने से कोलकाता पुलिस की गुंडा दमन शाखा ने उसे गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद उसे लालबाजार ले जाया गया। सौमिक का नाम सामने आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के पार्षद राजू सेन शर्मा का नाम भी चर्चा में आ गया। यह कहा जा रहा है कि सौमिक, राजू का करीबी है। सौमिक ने हमले की बात स्वीकार करते हुए कहा कि वह प्रदर्शन में शामिल होने गया था, और भावुक होकर तोड़फोड़ में भी शामिल हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### सिलीगुड़ी में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** पिछले कुछ दिनों से कोलकाता आरजी कर मामले को लेकर पूरे राज्य में आक्रोश है। इतने बड़े कांड के बावजूद प्रदेश में दुष्कर्म का मामला थम नहीं रहा है। ताजा मामला सिलीगुड़ी से सामने आया है। इस बार एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। गुरूवार रात सिलीगुड़ी से संलग्न न्यू जलपाईगुड़ी थाना इलाके में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। अब इस घटना से सिलीगुड़ी में सनसनी फैल गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, किशोरी गुरुवार दोपहर दो युवकों से मिलने फुलबाड़ी गयी थी। वह दोनों युवकों को पहले से जानती थी। वहां कम से कम सात लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इनमें से तीन नाबालिग, एक बालिग और बाकी की पहचान नहीं हो सकी है। दुष्कर्म के बाद बदमाशों ने किशोरी को इलाके के एक सुनसान गोदाम के बगल के खेत में छोड़ दिया। बताया गया है कि रात को किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस को इसकी खबर दी गई। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे किशोरी को फुलबाड़ी से बरामद किया गया। जिसके बाद परिजनों की ओर से थाने में दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### बम विस्फोट में एक की मौत

**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद के रानीनगर थानांतर्गत झाउबरिया मालीपाड़ा इलाके में बम धमाके में एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम ऐनुल हक (40) था। सूत्रों के मुताबिक, रात के अंधेरे में बगीचे के अंदर बम बांधे जा रहे थे। इसी दौरान विस्फोट हो गया। स्थानीय लोगों का दावा है कि देर रात तेज आवाज सुनकर वे मौके पर गये। वहां जाकर उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति घायल पड़ा हुआ था। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। पीड़ित की बहन का दावा है कि उनके भाई को कोई बुलाकर ले गया है। सुबह तीन बजे उन्हें पता चला कि भाई की मौत हो गयी है। स्थानीय निवासी गुलाम मुर्तजा ने शुक्रवार को बताया कि मैंने रात करीब 10:20 बजे एक तेज आवाज सुनी। मेरी पत्नी ने वह आवाज सुनी। हम दोनों आधी नींद में थे। मैंने फिर सोचा कि टायर फटा होगा। हम बातें करते-करते सो गए। रात के करीब 2:30 बजे थे। घर के बाहर हमने लोगों को बातचीत करते हुए सुना की एक लड़के का बम से उड़ गया है और उसकी मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, जहां घटना हुई वहां खून के निशान और बम के निशान भी मिले हैं। इस बीच, घटना की जानकारी मिलते ही आमबगान में स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों का दावा है कि युवक को ले जाकर हत्या कर दी गई है। परिजनों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले में 19 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तोड़फोड़ और हिंसा के मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को शहर की एक अदालत ने 22 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अज्ञात बदमाशों ने कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के परिसर में घुसकर उसके कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की। इसी अस्पताल में पिछले सप्ताह महिला चिकित्सक का शव मिला था। अस्पताल में चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और फिर उसकी हत्या किए जाने की घटना के विरोध में महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के बीच आधी रात को यह तोड़फोड़ की गई। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। परास्नातक प्रशिक्षु के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना के विरोध में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। प्रदर्शन कर रहे चिकित्सक दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने और कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।विपक्षी दलों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि जब सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तोड़फोड़ और हिंसा हुई तो पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार शाम को कहा था कि अस्पताल के आपातकालीन वार्ड की दो मंजिलों में तोड़फोड़ की गई, दवाइयां लूट ली गई हैं और बुनियादी ढांचे तथा उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

### हाथी का आतंक, बीस से अधिक गांव में वन विभाग का हाई अलर्ट

**रायपुर।** महासमुंद जिला के राजिम में दंतैल हाथी के आतंक से ग्रामीण दहशत में है।यहां फिंगेश्वर-छुरा मार्ग को क्रॉस कर सिलियारी बाहरा क्षेत्र में दंतैल हाथी पहुंचा है। वन विभाग ने आज शुक्रवार को 20 से अधिक गांव में वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है। वन विभाग के मुताबिक महासमुंद वन परिक्षेत्र के ग्राम केशवा में एक दंतैल हाथी ने गुरुवार को खेत देखने गये केशवा निवासी मेघराज चन्द्राकर (39 वर्ष ) को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है। इससे मृतक के परिवार के साथ गांव मे शोक व्याप्त है। महासमुंद वन परिक्षेत्राधिकारी सियाराम कर्मकार ने बताया कि टस्कर एम ई 3 एक दंतैल हाथी पिछले एक हफ्ते से गरियाबंद से महासमुंद परिक्षेत्र में आया है और आसपास के जंगलों में विचरण कर रहा है।हाथी पिछले 10 दिनों से इसी क्षेत्र पर विचरण कर रहे हैं। पिछले 5 दिनों से हाथी कोना, खट्टी, केशवा के जंगल पर विचरण कर रहे थे जिसके बाद से वन विभाग ने अलर्ट जारी किया गया था। मृतक मेघराज चन्द्राकर रोज की भांति गुरुवार सुबह अपना खेत देखने गया था। तभी अचानक हाथी आ गया और मेघराज को कुचल दिया। मृतक के परिजनों को तत्काल 25 हजार की आर्थिक मदद दी गयी है। शेष 5 लाख 75 हजार रुपये प्रकरण स्वीकृति पश्चात मृतक के परिजनों को दे दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि है कि वर्ष 2016 से लेकर अभी तक लगभग 29 लोगों की मौत हाथी के कुचलने से हो चुकी है। हाथी वर्तमान में केशवा के पहाड़ी के कक्ष क्रमांक 79 में विचरण कर रहा है और आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### सिविल सेवा के आकर्षण से बाहर निकलने का समय आ गया है : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को समाचार पत्रों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों की अतिशयता की ओर इशारा करते हुए युवाओं से कहा कि सिविल सेवा की आकर्षक नौकरियों के चक्रव्यूह से बाहर निकलने का समय आ गया है। उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को दिल्ली के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) में बौद्धिक संपदा कानून और प्रबंधन में संयुक्त परास्नातक/एलएलएम डिग्री के पहले बैच को संबोधित करते हुए कहा कि अखबारों में कोचिंग सेंटरों के विज्ञापनों में आमतौर पर कुछ गिने चुने सफल चेहरे का इस्तेमाल कई संगठनों द्वारा किया जाता है। धनखड़ ने इस बात पर अफसोस जताया कि इन विज्ञापनों का एक-एक पैसा उन युवा लड़के-लड़कियों से आता है जो अपना भविष्य सुरक्षित करने की कोशिश में लगे हैं। सिविल सेवा नौकरियों की संकीर्णता से मुक्त होने की वकालत करते हुए धनखड़ ने युवाओं को पारंपरिक करियर पथ से परे देखने तथा अधिक आकर्षक और प्रभावशाली करियर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से अन्य क्षेत्रों में भी अवसरों की तलाश करने को कहा। उपराष्ट्रपति ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं तब बहुत चिंतित हो गया, जब पिछले सप्ताह ही एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने एक सुप्रचारित मीडिया में घोषणा की।

## नालंदा में युवक की पीट-पीटकर हत्या, आंखे भी फोड़ डाली

# अपराधियों ने बाइक भी जलाई

**नवीन मेल संवाददाता। नालंदा**

बिहार के नालंदा से एक खबर आ रही है जहां एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। यह घटना मानपुर थाना क्षेत्र के नेवाजीबीघा गांव की है। मृतक की पहचान गणेश कुमार के रूप में हुई है। युवक की हत्या का आरोपी एक साइबर फ्रॉड बताया जा रहा है जो लोगों को झांसा देकर रुपए ठगते हैं। बता दें कि युवक ने पूर्व में पुलिस को इन अपराधियों की पहचान बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने युवक की हत्या करने के बाद उसकी बाइक को आग के हवाले कर दिया। परिजनों का कहना है कि यह हत्या साइबर अपराधियों ने ही की है। परिजनों ने बताया की नेवाजीबीघा गांव के आस पास बहुत साइबर फ्रॉड हैं। जो लोगों को अपनी चंगुल में फंसाकर रुपए ठगते हैं। परिजनों ने आगे बताया कि गणेश ने इन साइबर अपराधियों की सूचना पुलिस को दी थी। जिससे ये गुस्साए हुए थे। गुस्से में कंचनपुर गांव से उसका अपहरण कर अपने पास 12 घंटे रखे और लाठी डंडे से पिट-पिटकर उसकी हत्या कर दी। शव को घोड़ा घाट इलाके में फेंक दिया। बदमाशों द्वारा उसकी दोनो आंखें फोड़ दी गई थी और हाथ तोड़ दिया गया था।

**कितने लोगों की हुई गिरफ़्तारी?** जब युवक का शव ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद देर न करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी कर ली गई है। उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने आरोपियों की इतिहास खंगाल रही है।

**पुलिस ने क्या कहा :** पुलिस का कहना है कि हत्याकांड की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का स्पष्टीकरण हो पाएगा। मृतक के शरीर पर जख्म के निशान हैं जिससे पता चलता है कि युवक की हत्या पीट पीटकर की गई है। पुलिस बचे हुए अपराधियों की छानबीन में जुटी हुई है।

# महिलाओं के हाथों में होगी बिहार के 20 फीसदी थानों की कमान : डीजीपी

> *बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार के करीब हो गई है*



**एजेंसी। पटना**

बिहार के 20 प्रतिशत थानों की कमान अब महिलाओं के हाथों में होगी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही राज्य के कम से कम 20 प्रतिशत थानों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 30 हजार के करीब हो गई है। इनमे से 223 अधिकारी राज्य भर में थाना प्रभारी या अतिरिक्त थाना प्रभारी के रूप में तैनात हैं। आने वाले समय में इस संख्या को बढ़ाया जाएगा। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीजीपी भट्टी ने पटना में स्थित पुलिस मुख्यालय में तिरंगा फहराया और समारोह को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य के हर थाने में महिला डेस्क की स्थापना की गई है। इन पर शिकायतों की सुनवाई से लगाकर कार्यवाही तक महिला पुलिस ही काम को पूरा करती है। डीजीपी ने कहा कि बिहार पुलिस महिलाओं की संख्या को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। डीजीपी भट्टी ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि अब तक जो भी पुलिस कर्मी ड्यूटी में शहीद होते हैं उनके परिवार को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। लेकिन जल्द ही इसे बढ़ाकर डेढ़ करोड़ कर दिया जाएगा। अभी तक इसे अंतिम रूप नही दिया गया है। लेकिन इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। सोमवार को इस संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है। इस राशि को बिहार पुलिस अपने कल्याण कोष से देगी।

**राज्य में बनेंगी दो साइबर फॉरेंसिक लैब**

डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के प्रमोशन को लेकर भी कहा कि हाल ही में 15 हजार कर्मियों का प्रमोशन किया गया है। अब समय पर पुलिसकर्मियों को प्रमोशन मिले इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही बिहार में पहली बार दो साइबर फोरेंसिक लैब बनने जा रहे हैं जिनका मानक राष्ट्रीय स्तर का होगा।

## चिराग पासवान ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# कोई तो है जो आरोपियों को बचाना चाहता है



**एजेंसी। पटना**

कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर मामले में सियासत चरम पर है। इसी बीच इस मामले को लेकर दिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान ने एक नया बवाल खड़ा कर दिया। दरअसल, ममता बनर्जी ने रेप और हत्या के विरोध में बुधवार रात को प्रदर्शन के दौरान आरजी कर पर हुए हमले को बीजेपी और लेफ्ट से जोड़ दिया है। ममता बनर्जी ने इस तोड़फोड़ के लिए वाम दल और राम (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, ममता के बयान पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पलटवार किया है। चिराग पासवान ने कहा कि पहले तो वहां पर जो घटना घटी उसे रोकने में आप पूरी तरह से नाकामयाब रहीं। आपकी सरकार, शासन-प्रशासन पूरी तरह से नाकामयाब रही। एक महिला मुख्यमंत्री के रहते हुए इस तरह की घटना को वहां पर अंजाम दिया गया। उसके बाद सबूतों को मिटाने की सोच के साथ आधी रात के बाद जिस तरीके से वहां पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ फोड़ की गई उससे पता चलता है कि कोई तो है जो किसी को बचाना चाहता है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप लगाने के बजाए बंगाल की मुख्यमंत्री इस बात को सुनिश्चित करे कि उइकजांच में कोई बाधा न आए। पीड़ित परिवार को न्याय चाहिए।

# एसीबी का आईएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू और राप्रसे अधिकारी के यहां छापा




**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार सुबह जेल में बंद आईएएस समीर बिश्नोई रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया सहित दुर्ग -भिलाई के एक व्यवसायी के लगभग 19 ठिकानों पर छापा मारा है। जानकारी के अनुसर एसीबी की टीम समीर विश्नोई के राजस्थान के अनूपगढ़ स्थित ससुराल में भी पहुंची है। सभी तीन अधिकारी कोयला घोटाला के मामले में अभी रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद है।अधिकारिक सुत्रों के अनुसार एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ के भिलाई, रायगढ़, झारखंड और राजस्थान में दबिश दी है । इसके लिए 19 विशेष टीम काम में जुटी है। जिसमें राज्य पुलिस के अधिकारी भी शामिल हैं। सुत्रों के अनुसार गुरुवार देर रात रायपुर एयरपोर्ट से एसीबी के अधिकारी अपने गंतव्य स्थान की ओर रवाना हुए और आज सुबह 16 अगस्त को 5:00 बजे बजे आईएएस समीर विश्नोई के राजस्थान के अनुपगढ़ स्थिति ससुराल में छापा मारा है।एसीबी के अधिकारियों ने दो दिन पूर्व ही सारी जानकारी राजस्थान पुलिस से साझा की थी। उल्लेखनीय है कि समीर की पत्नी प्रीति गोदारा की मां जयपुर की महापौर रह चुकी हैं। दुर्ग के व्यवसायी के यहां छापा - वहीं छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के नेहरू नगर ईस्ट निवासी नौकरशाहों के करीबी होटल व्यवसायी अनिल कुमार पाठक के नेहरू नगर ईस्ट स्थित घर और होटल न्यू हैप्पी अवर्स इन में शुक्रवार सुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम पहुंची । आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की 20 अधिकारियों की एक टीम ने व्यवसायी के यहाँ दबिश दी है।नेहरू नगर ईस्ट निवासी होटल व्यवसाय अनिल कुमार पाठक के घर एवं होटल न्यू हैप्पी हॉर्स नेहरू नगर में एसीबी ईओडब्ल्यू की टीम चार वाहनों में पहुंची। टीम द्वारा पहुंचते ही घर एवं होटल दोनों में ही दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू और छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया पिछले डेढ़ साल से जेल में हैं। बहुचर्चित कोल स्कैम में इन तीनों अधिकारियों के यहां ईडी ने छापा मारा था।

# बंगाल में मेडिकल छात्रा से रेप के बाद हत्या पर विपक्षी गठबंधन चुप क्यों : अजय आलोक

> *बांग्लादेश की घटना के बाद वहां के लोग भी उद्वेलित और परेशान हैं*



**एजेंसी। पटना**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने पश्चिम बंगाल में मेडिकल पीजी की छात्रा के रेप और हत्या को लेकर विपक्ष की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को 'क्रूरता बनर्जी' बताते हुए कहा कि तेजस्वी यादव रेप के बाद हत्या की घटना पर चुप हैं, राहुल गांधी खटाखट पैसा दे रहे थे लेकिन इस घटना के बाद चुप्पी साध ली है। लड़कियां लड़ सकती हैं, कहने वाली प्रियंका गांधी इस घटना पर बोल नहीं पा रही हैं, यानी पूरा 'घमंडिया' गठबंधन चुप है। कोई कुछ बोल नहीं रहा है। बिहार भाजपा कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग भी देश के नागरिक हैं। बांग्लादेश की घटना के बाद वहां के लोग भी उद्वेलित और परेशान हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पीजी की स्टूडेंट एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में सुरक्षित नहीं है। उसकी रेप के बाद हत्या कर दी जाती है और उसके माता पिता को आत्महत्या की बात बताई जाती है। इतनी बड़ी घटना के बाद भी फॉरेंसिक जांच नहीं कराई जाती। उन्होंने कहा कि सबूत मिटाने के लिए 15 अगस्त की रात 5000 असामाजिक तत्वों ने उस अस्पताल पर हमला कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की।

## उत्तराखंड में नर्स हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार एडीजी ने किया खुलासा

**देहरादून।** हाल ही में उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक नर्स के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। घटना का खुलासा होने पर एडीजी एपी अंशुमान ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि नर्स के साथ हुई घटना चिंताजनक है। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना को कोलकाता की घटना से नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि उत्तराखंड में यह दुर्लभ घटना है। उत्तराखंड एक शांतिप्रिय राज्य है। यहां महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाती है। पुलिस और राज्य सरकार की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लगातार बनाए रखने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमने हर थाने में महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्था की है।

## आरजी कर कांड में भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना

# कई नेताओं को हिरासत में लिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की रेप और हत्या को लेकर विरोध तेज हो गया है। श्यामबाजार में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के धरना कार्यक्रम को लेकर भारी तनाव पैदा हो गया। पहले धरना मंच तोड़े जाने का आरोप लगाया गया, फिर जब भाजपा के नेताओं ने वहां पहुंचकर नारेबाजी शुरू की तो स्थिति और भी बिगड़ गई। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के बाद भाजपा नेता उमेश राय समेत कई अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया गया, जिससे मौके पर भारी अव्यवस्था फैल गई। इससे पहले, गुरुवार रात को धरना मंच तोड़े जाने का आरोप लगा था, जिसके बाद शुक्रवार सुबह नेताओं के श्यामबाजार पहुंचते ही तनाव और बढ़ गया। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया और आंसू गैस के गोले भी तैयार रखे। धरना कार्यक्रम में भाग लेने के लिए श्यामबाजार में रूपा गांगुली, अग्निमित्रा पॉल, रुद्रनील घोष सहित कई भाजपा नेता पहुंचे थे। नारेबाजी और धक्का-मुक्की के बाद पुलिस ने रुद्रनील घोष और अशोक कीर्तनिया जैसे नेताओं को हिरासत में लिया। भाजपा नेता रूपा गांगुली ने आरोप लगाया, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक साजिश के तहत हमला किया गया था लेकिन पुलिस ने वहां कोई कार्रवाई नहीं की। अब जब हम विरोध कर रहे हैं तो पुलिस हमें गिरफ्तार कर रही है।

# पीएम मोदी ने मिशन 2036 की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए एथलीटों से मांगा इनपुट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चाहे बात पेरिस ओलंपिक के लिए रवाना हो रहे दल से मुलाकात की हो या फिर पेरिस में दमदार प्रदर्शन कर स्वदेश लौटे एथलीटों की लेकिन पीएम मोदी एक बात का जिक्र करना नहीं भूले। इससे पता चलता है कि मिशन 2036 उनके लिए क्या महत्व रखता है। अब आप सोच रहे होंगे आखिर ये मिशन 2036 है क्या? ये मिशन है ओलंपिक की मेजबानी से जुड़ा। स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की आकांक्षा की घोषणा करने के बाद पीएम मोदी ने 2036 में इस भव्य आयोजन की सफल मेजबानी के सपने को पूरा करने के लिए भारतीय एथलीटों से इनपुट मांगा। बता दें, भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भावी मेजबान आयोग (एफएचसी) के साथ बातचीत की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एथलीटों को संबोधित करते हुए, उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों से अपना एक्सपीरियंस शेयर करने के लिए कहा, जिससे भारत को अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में मदद मिले और देश को 2036 में खेलों की मेजबानी के लिए तैयार होने में मदद मिले। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दल को अपनी '2036 टीम' का अभिन्न अंग बताया और खेल मंत्रालय से एक दस्तावेज तैयार करने तथा खिलाड़ियों की टिप्पणियों और सुझावों पर गहनता से विचार करने को कहा। उन्होंने कहा, आप मेरी 2036 की टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो हमें दुनिया में किसी अन्य देशों की तरह ओलंपिक की मेजबानी करने में मदद कर रहे हैं। मैं चाहूंगा कि खेल मंत्रालय एक दस्तावेज तैयार करे और एथलीटों से जानकारी एकत्र करे ताकि हम अच्छी योजना बना सकें। आप खिलाड़ियों को हमें सुझाव भी देने चाहिए कि भारतीय खेलों को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है।

**आप मेरी 2036 की टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं**

## पेरिस ओलंपिक में जाने वाला हर खिलाड़ी चैंपियन है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक से छह पदक लेकर लौटे भारतीय ओलंपिक दल से बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल एक ऐसा क्षेत्र है जहां कोई हारता नहीं है, हर कोई सीखता है और वो सभी चैंपियन खिलाड़ी हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इससे पहले पीएम मोदी ने इन सभी को लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया था और इसके बाद पीएम हाउस में उन्हें होस्ट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों से बातचीत की और ओलंपिक में उनके अनुभव को जाना। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान कहा, सबसे पहले अपने मन से यह विचार निकाल दीजिए कि आप ओलंपिक से हारकर भारत लौटे हैं। आप देश का झंडा ऊंचा करके लौटे हैं।

## 'आपकी पसंदीदा डिश बन सकती थी'



**नई दिल्ली।** जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा के साथ अपनी मस्ती भरी 'चूरमा' वाली बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले पहलवान अमन सहरावत के साथ एक मजेदार पल का लुत्फ उठाया। अपने आवास पर भारतीय ओलंपिक दल के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने अमन को भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता बनने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए अमन से पूछा कि क्या पेरिस से लौटने के बाद उन्होंने कोई पसंदीदा खाना खाया है। इस पर हरियाणा के 21 वर्षीय अमन ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मैं अभी घर नहीं गया हूं, सर। इसके बाद पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा, हमें बताते, हम आपके लिए कुछ बनवा देते।

## एसए20 में खेलते दिखाई देंगे कार्तिक

**जोहानसबर्ग।** एसए20 की सभी छह टीमों ने टूनामेंट के तीसरे संस्करण से पहले नए खिलाड़ियों को अपने दल में जोड़ने के साथ साथ खिलाड़ियों को रिटेन करने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी एसए20 के आगामी संस्करण में खेलते दिखाई देंगे। कार्तिक के अलावा बेन स्टोक्स, जो रूट, केन विलियमसन और ट्रेंट बोल्ट जैसे बड़े नाम भी आने वाले सीजन में नजर आएंगे। एसए20 का आगामी संस्करण 9 जनवरी से 8 फरवरी के बीच खेला जाएगा। लीग के आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने प्रेस को जारी किए गए बयान में एसए20 को वैश्विक स्तर पर अग्रणी श्रेणी की फ्रेंचाइजी लीग करार देते हुए कहा, बड़े स्तर के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ एडन मारक्रम, कगिसो रबाडा और हेनरिक क्लासेन जैसे स्थानीय हीरो की जुगलबंदी ने एक धमाकेदार सीजन की आधारशिला रख दी है। हमें उन तमाम घरेलू खिलाड़ियों पर गर्व है, जिन्हें टीमों ने रिटेन किया है। एसए20 के आगामी संस्करण के लिए नीलामी 1 अक्तूबर को केपटाउन में होगी।



## गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग 2024 की नीलामी के दूसरे दिन शुक्रवार को मुंबई में गुरदीप को पटना पाइरेट्स ने 59 लाख रुपये में खरीदा। सातवें सीजन में यूपी योद्धा के साथ पदार्पण करने वाले इस ऑलराउंडर ने पिछले साल तक इसी फ्रैंचाइजी के साथ काम किया। पीकेएल के आठवें सीजन में योद्धा चौथे स्थान पर रहे, जो लीग के इतिहास में उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हालांकि, पिछले सीजन में योद्धा 11वें स्थान पर रहे, जो तेलुगु टाइटन्स से थोड़ा ऊपर था। पीकेएल 10 में गुरदीप ने 16 मैच खेले और 30 अंक अर्जित किए, जिसमें उनका टैकल स्ट्राइक रेट 51 प्रतिशत रहा। इसके अलावा पटना ने दक्षिण कोरियाई रेडर जैंग कुन ली को 17.50 लाख रुपये में खरीदा। इस तरह रेडर की चार साल बाद भारत वापसी हुई। ली ने आखिरी बार पीकेएल में सीजन सात में खेला था, संयोग से उस समय भी वह पटना पाइरेट्स के साथ ही थे। उस सीजन में, पाइरेट्स अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कनाडा में दर्शकों की बदसलूकी का शिकार हुए शाकिब पहुंचे पाकिस्तान



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तरफ से दिए गए निमंत्रण के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ी 13 अगस्त को ही पाकिस्तान आ गए थे। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) देश में चल रही राजनीतिक अशांति की वजह से उस तरह का अभ्यास कराने में असमर्थ था जिसकी जरूरत टेस्ट मैच से पहले होती है। अब शाकिब भी टीम के साथ जुड़ गए हैं, वह बुधवार को लाहौर पहुंच गए और अभ्यास सत्र में भी टीम के साथ नजर आए। शाकिब अल हसन सीधे कनाडा से आ रहे हैं जहां वह ग्लोबल टी20 लीग में बंगला टाइगर्स का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। शाकिब के लिए वह हफ़्ता घटनाओं से भरा हुआ था। 5 अगस्त को जब अवामी लीग सरकार गिर रही थी और शेख हसीना भारत आ गईं थीं, उसके कुछ ही घंटे बाद शाकिब मैच खेल रहे थे।

### अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सीजन की 50वीं जीत हासिल की

**सिनसिनाटी।** जर्मन स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को यहां सिनसिनाटी ओपन में कारेन खाचानोव को सीधे सेटों में हराया और इस सीजन में 50 टूर-लेवल जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। ज्वेरेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में शुरूआती जीत के लिए खाचानोव को 6-3, 6-2 से हराया। जर्मन खिलाड़ी ने पूरे 78 मिनट के संघर्ष में अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे सेट में 10 मिनट की बारिश की देरी का सामना किया। 27 वर्षीय ने बेसलाइन से जमकर खेलते हुए खाचानोव के नौ की तुलना में 16 विनर लगाए, जिससे ज्वेरेव इस जोड़ी की लेक्सस एटीपी हेड2हेड श्रृंखला में 5-2 से आगे हो गए। 021 में सिनसिनाटी में ट्रॉफी उठाने वाले ज्वेरेव तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई मैक्स परसेल या स्पैनियार्ड पाब्लो कारेनो बुस्ता से खेलेंगे। ज्वेरेव ने अपने करियर में पांच बार एक सीजन में कम से कम 50 टूर-स्तरीय जीत हासिल की है, उन्होंने 2017, 2018, 2021 और 2023 में भी यह मील का पत्थर हासिल किया था। इस साल की शुरूआत में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 4 खिलाड़ी ने अपनी छठी जीत हासिल की। रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब और ओहियो में वह इस खिताब को बढ़ाने के लिए उत्सुक होंगे, जहां वह तीसरी वरीयता प्राप्त हैं।

### सचिन 2.15 करोड़ में सबसे महंगे खिलाड़ी बने



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए गुरुवार को मुंबई में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन सचिन सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें तमिल थलाइवाज ने 2.15 करोड़ रुपये में खरीदा था। मोहम्मदरेजा शादलुई चियानेह नीलामी के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें हरियाणा स्टीलर्स ने 2.07 करोड़ रुपये में खरीदा। वह लगातार खिलाड़ियों की नीलामी में 2 करोड़ रुपये से अधिक में खरीदे जाने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए। 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 20 खिलाड़ी बेचे गए, जिसमें पहले दिन तीन फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड का इस्तेमाल किया गया।

### कैमरून ने फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम

**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ (फेकाफुट) ने गुरुवार को अगले महीने कोलंबिया में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप 2024 के लिए टीम घोषित कर दी है। कैमरून की राजधानी याउंडे में प्री-टूनामेंट प्रशिक्षण शिविर के पूरा होने के बाद 24 खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दिया गया। इसमें मुख्य रूप से घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। खेल विश्लेषक जेम्स मालू ने सिन्हुआ से कहा, स्पेन और फ्रांस में खेलने वाले कुछ ही खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा हैं, जिसका मतलब है कि कैमरून कोलंबिया में होने वाले टूनामेंट के दौरान अपनी स्थानीय प्रतिभाओं को दिखाना चाहता है। ये लड़कियां अच्छी हैं और अच्छा प्रदर्शन करने का वादा करती हैं।

## पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन में भाग्यश्री और सुमित होंगे भारतीय ध्वजवाहक




**एजेंसी। नई दिल्ली**

डिफेंडिंग जैवलिन थ्रो चैंपियन सुमित अंतिल और शॉटपुट स्टार भाग्यश्री जाधव को पेरिस पैरालंपिक की ओपनिंग सेरेमनी के लिए शुक्रवार को भारतीय ध्वजवाहक नियुक्त किया गया।

पैरालंपिक गेम्स 28 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेंगे। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि ओलंपिक स्थलों का उपयोग हजारों पैरालंपिक पदक प्रदान करने के लिए किया जाएगा। पेरिस पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व 84 एथलीट करेंगे, जो देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है। बता दें, टोक्यो में भारत की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 54 थी। सुमित पुरुषों की जैवलिन थ्रो एफ 64 श्रेणी में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन हैं। उन्होंने मई में पैरा-एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की जैवलिन थ्रो एफ64 श्रेणी में भी स्वर्ण पदक जीता।

## ऋषभ पंत, इशांत शर्मा पुरानी दिल्ली 6 के लिए धमाल मचाने को हैं तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

16 अगस्त (आईएएनएस)। भारत के दिग्गज ऋषभ पंत और इशांत शर्मा अपने बेदाग कौशल से प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं क्योंकि वे पुरानी दिल्ली 6 के लिए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण में शनिवार से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम ।

17 अगस्त को रात 8:30 बजे होने वाले टूनामेंट के शुरूआती मैच में पुरानी दिल्ली 6 का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (डीपीएल) से होगा, जिसके बाद के मैच दोपहर 2:00 बजे और शाम 7:00 बजे होंगे। पुरानी दिल्ली 6 के पास विस्फोटक बल्लेबाज पंत और अनुभवी इशांत के इर्द-गिर्द बनी एक मजबूत टीम है। फ्रेंचाइजी ने ऑलराउंडर ललित यादव और बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम शर्मा की सेवाएं भी ली हैं।



टीम के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, हम इस तरह के रोमांचक लाइनअप के साथ डीपीएल को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं। हमारे पक्ष में इशांत शर्मा और ऋषभ पंत के होने से जबरदस्त अनुभव और कौशल आता है, जिसने हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है। हमें विश्वास है कि पुरानी दिल्ली 6 लीग में प्रभावशाली और मजबूत प्रदर्शन करेगी। दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में 40 मैच होंगे, जिनमें 33 पुरुष और 7 महिला मैच शामिल हैं। सभी मैच प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह टूनामेंट 17 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगा। पुरानी दिल्ली 6 टीमः ललित यादव, इशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

## लुईस आयरलैंड की एकदिवसीय कप्तान बनीं




**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान लौरा डेलानी के टखने की चोट के कारण बाहर होने के बाद श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड की आगामी महिला वनडे मैचों की सीरीज के लिए गैबी लुईस को कप्तान बनाया गया है। क्रिकेट आयरलैंड ने अपने बयान में कहा कि लौरा ने मंगलवार को मैदान में टखने में चोट लग गई थी, जब आयरलैंड ने महिलाओं के टी20 में पहली बार श्रीलंका को हराया, और उनकी लिगामेंट क्षति का संदेह था। क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, आज उनका स्कैन हुआ और उन्हें तीन वनडे मैचों से बाहर कर दिया गया है। क्रिकेट आयरलैंड ने लौरा के प्रतिस्थापन के रूप में जेन मैगुइरे की घोषणा की है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ईओएस-08 के सफल प्रक्षेपण, इसरो की मेहनत, प्रतिबद्धता पर गर्व : ओम बिरला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एसएसएलवी-डी 3 के जरिये अर्थ ऑब्जरवेशन उपग्रह ईओएस-08 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो ने इसके अलावा प्रक्षेपण यान ने एक निजी स्टार्टअप कंपनी के एसआर-0 डेमोसैट उपग्रह को भी उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने इस उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ₹एसएसएलवी-डी 3/ईओएस-08 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को हार्दिक बधाई। तीसरी और अंतिम



विकासात्मक उड़ान का त्रुटिहीन निष्पादन न केवल इसरो के तकनीकी कौशल को दशार्ता है, बल्कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमता को भी रेखांकित करता है। इसरो की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। इसरो का एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन इस साल का तीसरा मिशन है। पहले यह प्रक्षेपण 15 अगस्त को किया जाना था, लेकिन बाद में इसे एक दिन बढ़ा दिया गया। इससे पहले जनवरी में पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट और फरवरी में जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस का सफल प्रक्षेपण किया गया था। एसएसएलवी रॉकेट मिनी, माइक्रो या नैनो उपग्रहों (10 से 500 किलोग्राम द्रव्यमान) को 500 किमी की कक्षा में लॉन्च करने में सक्षम है। इसके तीन चरण ठोस ईंधन से संचालित होते हैं, जबकि अंतिम वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (वीटीएम) में तरल ईंधन का इस्तेमाल होता है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ हुआ बंद, सेंसेक्स 1330 अंक उछला

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। पूरे कारोबारी सत्र में बाजार में दमदार तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,330 अंक या 1.68 प्रतिशत बढ़कर 80,436 और निफ्टी 397 अंक या 1.65 प्रतिशत बढ़कर 24,541 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिका में सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों का आना है, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी की संभावना कम हुई है।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर भी बढ़कर बंद हुए हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,108 अंक या 1.96 प्रतिशत बढ़कर 57,656 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 349 अंक या 1.93 प्रतिशत बढ़कर 18,436 पर बंद हुआ।

बाजार में स्थिरता दशार्ने वाले इंडिया विक्स में 6.74 प्रतिशत की गिरावट हुई है और यह 14.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में 29 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। विप्रो, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, टीसीएस, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील टॉप गेनर्स हैं। सन फार्मा ही केवल लाल निशान में बंद हुआ है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, एफएमसीजी और रियल्टी टॉप गेनर्स थे।

**निफ्टी में 397 अंकों की बढ़त**

## 25 भारतीय कंपनियां लाने जा रहीं 22,000 करोड़ रुपये का आईपीओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आने वाले समय में कम से कम 25 भारतीय कंपनियां 22,000 करोड़ रुपये के आईपीओ लाने जा रही हैं। आईपीओ के इन सभी प्रस्तावों को बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। एनालिस्ट की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

एनालिस्ट का कहना है कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के बीच भी भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है।

पेंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स ने कहा कि अगस्त के पहले हफ्ते में चार कंपनियों ने मिलकर 11,850 करोड़ रुपये के आईपीओ लाए और सभी सफल हुए हैं।

एनालिस्ट का कहना है कि वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल होने के बाद भी भारतीय शेयर बाजार में तेजी बनी हुई है। हालांकि, आगे इस तेजी की रफ्तार आर्थिक वृद्धि दर, वैश्विक बाजारों के ट्रेंड और नियामकों के फैसलों पर निर्भर करती है।





भारत में आईपीओ का बाजार हाल के दिनों में काफी गर्म रहा है। कुछ दिनों पहले लिस्ट हुई ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर में शुक्रवार को 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा। कंपनी की मार्केट वैल्यू बढ़कर 58,664 करोड़ रुपये हो गई। ओला इलेक्ट्रिक का शेयर अपने इश्यू प्राइस 76 रुपये से 75 प्रतिशत ऊपर 133.08 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

## टेक्नोलॉजी की बढ़ती लत से सिमट रहा बच्चों का सामाजिक दायरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका में किए गए एक शोध में पता चला है कि प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने से बच्चों को अपने परिवार, दोस्तों और समाज के साथ संबंध बनाने में परेशानी आ सकती है। यह निष्कर्ष 1,146 अभिभावकों पर किये गये एक सर्वेक्षण में निकलकर सामने आया है। सर्वे में भाग लेने वाले 50 प्रतिशत माता-पिता का मानना है कि उनके बच्चे टेक्नोलॉजी के साथ बहुत ज्यादा समय बिताते हैं। वहीं, 30



प्रतिशत अभिभावकों ने कहा है कि वे इस बात से परेशान हैं कि उनके बच्चों को स्कूल में दूसरे बच्चे परेशान करते हैं। इसके अलावा 22 प्रतिशत ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के कारण समाज में आए बदलाव को उनके बच्चों पर असर पड़ रहा है। लगभग पांच में से एक माता-पिता (19 प्रतिशत) ने बताया कि नस्ल, जातीयता, संस्कृति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या लिंग के आधार पर असमानता के कारण उनके बच्चे स्कूल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते।

'द किड्स मेंटल हेल्थ फाउंडेशन' की कार्यकारी नैदानिक निदेशक और नेशनवाइड चिल्ड्रन हॉस्पिटल की बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. एरियाना होएट ने कहा, सामाजिक संबंध अपनेपन की भावना को बढ़ावा देते हैं। जो शैक्षणिक सफलता के साथ समग्र कल्याण के लिए भी आवश्यक है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 4.8 अरब डॉलर की गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 2 अगस्त को समाप्त सप्ताह में यह 7.533 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी के साथ 674.919 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स



4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर हो गया। स्वर्ण भंडार भी 86 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 59.239 अरब डॉलर रह गया है।

वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.282 अरब डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 4.638 अरब डॉलर पर रही। विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग चार महीने बाद इतनी बड़ी गिरावट देखी गई है। इससे पहले 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में इसमें 5.4 अरब डॉलर की कमी आई थी। विदेशी मुद्रा भंडार देश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख संकेतक है। इसके ऊंचे स्तर से देश को जरूरी आयात करने में आसानी होती है। साथ ही रुपये के कमजोर पड़ने की स्थिति में बाजार में हस्तक्षेप के लिए रिजर्व बैंक के पास विकल्प भी बढ़ता है।

## भारत के फार्मा सेक्टर का निर्यात जुलाई में 8 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के फार्मा सेक्टर का निर्यात जुलाई में 8.36 प्रतिशत बढ़कर 2.31 अरब डॉलर हो गया। फार्मा निर्यात में बढ़त की वजह पश्चिमी देशों में भारत निर्मित जेनेरिक दवाइयों की लोकप्रियता बढ़ना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के फार्मा सेक्टर के निर्यात में सालाना आधार 9.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ था और यह 27.9 अरब डॉलर पर रहा था।



भारत के फार्मा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31 प्रतिशत है। इसके बाद यूके और नीदरलैंड की हिस्सेदारी 3-3 प्रतिशत है। ब्राजील, साउथ अफ्रीका, आयरलैंड और स्वीडन भारत के लिए नई एक्सपोर्ट मार्केट हैं।

### जयराम महतो क्षणिक जातीय नेता सिर्फ भाजपा को होगा नुकसान, बोले मनोज पांडे

# अनुबंधकर्मियों की असंभव मांगें नहीं मानी जाएंगी

▶ *निर्दोष हेमंत सोरेन की पांच महीने की जेल से झारखंडी आहत*



**सुनील बादल**

**रांची।** झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडे ने एक विशेष भेंटवार्ता में बताया कि बिना किसी सबूत के तेजी से जनता के लिए काम कर रहे सीएम हेमंत सोरेन को पांच महीने जेल भेजने से झारखंड की जनता आहत हुई है और उसका बदला एनडीए से वोट के माध्यम से लेगी। सरना धर्म कोड, 32 का खतियान, पिछड़ों को घाटे हुए 13 प्रतिशत के बजाय पूर्व की तरह प्रतिशत 27 आरक्षण सुनिश्चित करना(विधानसभा से अनुशंसा कर केंद्र को भेजा गया है),राज्य में चल रही कल्याणकारी योजनाओं ओल्ड पेंशन स्कीम, सर्वजन पेंशन स्कीम,दो लाख तक ऋण माफी,लड़कियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना, पोटो हो योजना,फूलो झानो योजना,200 यूनिट बिजली फ्री और 45 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए देने की मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी मंइंया सम्मान योजना के साथ लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार देने वाली हेमंत सरकार जनता के दरबार में जाने को तैयार है।

यह पूछने पर कि समाहरणालय और मनरेगाकर्मी हड़ताल पर हैं और सहायक पुलिसकर्मियों, पाराशिक्षक, अनुबंधकर्मी और होमगार्ड जैसे अनेक लोग आंदोलन करते रहे हैं ऐसे में विकास का लक्ष्य कैसे पूरा होगा और इन आंदोलनकारियों का क्या असर आगामी चुनाव में पड़ेगा तो उनका कहना था कि अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाली हेमंत सोरेन सरकार ने बिगड़े हुए झारखंड में आमूलचूल परिवर्तन किया है और लाखों लोगों को रोजगार और सम्मान दिया है पर विपक्षी पार्टियों की शह पर कुछ लोग असंभव को संभव कराना चाहते हैं। सभी अनुबंधकर्मियों को नियमित नहीं किया जा सकता जो प्रावधान हैं उसका पालन करते हुए सरकार मदद को तैयार है। यह पूछने पर कि इंडी गठबंधन के अलावा भाजपा को मात देने के लिए जयराम महतो से भी झामुमो हाथ मिला सकती है क्या? मनोज पांडे ने कहा कि जयराम एक समुदाय विशेष के क्षणिक प्रभाव वाले नेता हैं जो हमें नहीं बल्कि एनडीए को नुकसान पहुंचाएंगे।

### सीएम ने मोरहाबादी में किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी, बोले

# हमारी सरकार जन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर रांची के मोरहाबादी में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पिछले साढे चार वर्षों में हमारी सरकार ने गांव गांव, घर-घर पहुंचकर, जन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया है। हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर



योजनाएं और नीतियां बनाई है और इसे धरातल पर उतारा है। सोरेन ने कहा कि हमने झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और झारखंडी अस्मिता को बचाए रखते हुए यहां की मिट्टी में रची-बसी परम्पराओं को पुर्नस्थापित करने का प्रयास किया है। सदियों से शोषित और वंचित झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों को उनका हक-अधिकार दिलाकार उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि झारखंड के विकास में उनकी भी बराबर की भागीदारी है।

इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता, गृह सचिव वंदना डाडेल, आईजी अखिलेश झा,डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### इनरव्हील क्लब ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची ने बरियातू करुणा अनाथाश्रम एनएमओ में बच्चों के साथ मनाया। डॉ एच पी नारायण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। क्लब के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष दीपा चौहान, 325 डिस्ट्रिक्ट की आइएसओ नीता नारायण, आइपीपी सीजीआर माला श्रीवास्तव, सचिव नीता शेखर, कोषाध्यक्ष अर्चना त्रिवेदी, अम्बुजा शरण संगीता शरण, रीता वर्मा, डौली दूबे , मनीषा, उपस्थित थी। बच्चों के बीच टाफी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

### चौराहे बीच चाय पर चर्चा




**दर्शक**

राजधानी हो और राजनीति न हो ऐसा हो ही नहीं सकता। रांची के एक चौराहे पर टीवी, सोशल मीडिया और कानाफूसी से छनकर आती बातों पर चाय सुड़कते लोग चर्चा कर रहे थे। एक ने कहा सीता, गीता के बाद अब चंपई दा के साथ लोबिन दा अपने खेमे में आनेवाले हैं। दूसरे नेता जी ने बताया कि कल परसों तक अंबा जी भी आनेवाली हैं। तीसरे ने बताया कि जयराम भी राम खेमे में आनेवाले हैं। चौथे ने चिंता व्यक्त की कि तब आजसुवा का का होगा? पांचवे ने कहा टी 20 क्रिकेट मैच और राजनीति में कब क्या होगा कोई नहीं जानता? दर्शक को लगा कि इन सबकी पुष्टि कौन करेगा पर तब तक वे लोग निकल लिए और पूर्वानुमान के विपरीत बरिश होने लगी।

### अवैध खनन मामला में दाहू के बेटे राहुल को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने राहुल यादव को राहत देते हुए उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

# भाजपा ने झारखंड बनाया, इसे बचाना हमारी जिम्मेवारी : हिमंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सरकार पर हमला बोला। सरमा ने कहा कि ठगबंधन सरकार की अब कोई विश्वसनीयता नहीं बची। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है तो बचाने की जिम्मेवारी भी हमारी है। भाजपा झारखंड को लुटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती। हिमंत विश्व सरमा राजधानी रांची के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को भाजपा झारखंड के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के झारखंड की जनता ने भाजपा को दिल से समर्थन दिया है। नौ लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत हुई, एक सीट पार्टी बहुत कम मार्जिन से हारी है। 53 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए आगे रहा है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति से इंडी एलायंस ने पांच सीट जीती हैं। यह जनसमर्थन की जीत नहीं बल्कि तुष्टीकरण की जीत है। भाजपा जनता को तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्ति दिलाने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है। बदलते डेमोग्राफी से आने वाले दिनों में राज्य तबाह हो जायेगा। सत्ता के लिए इंडी एलायंस ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि कि पांच साल पहले से जनता को धोखा देकर सत्ता में आई हेमंत सरकार एक बार फिर से जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटी है।

आनन फानन में योजनाओं की घोषणा कर रही है लेकिन हेमंत सोरेन यह नहीं बता पा रहे कि उनकी पिछले पांच साल में कौन सी योजना धरातल पर उतरी। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि हेमंत सरकार के खाने के दांत और दिखाने के अलग अलग हैं। भाजपा ने पहले भी राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है और भाजपा नेतृत्व की नई सरकार मईयां योजना से भी अच्छी योजना लाकर बहन बेटियों की उन्नति सुनिश्चित करेगी।




### राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना जरूरी है : शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल रूप से बैठक को संबोधित किया। चौहान ने कहा कि झामुमो अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन चुका है। इंडी एलायंस ने झारखंड की अस्मिता ही दांव पर लगा दी है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अब भाजपा के लिए नहीं राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने बड़े अरमान से अलग झारखंड का गठन किया । आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें साक्षी मानकर हम संकल्प लें। हमें विजय श्री का वरण करना है।

### 2024 में झारखंड में नेता प्रतिपक्ष नहीं, नेता सदन बनाना है : लक्ष्मीकांत वाजपेई

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा और बर्बाद किया है। अब इसे बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ चुका है। जनता तैयार बैठी है। हमें दरवाजे दरवाजे पर दस्तक देने की जरूरत है। नाकामियों के भार से यह सरकार दब चुकी है। उन्होंने कहा कि हमें 2024 में नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि नेता सदन चुनना है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त की युवा आक्रोश रैली जन जन का आक्रोश बने, ऐसा प्रयास करना है।

### आक्रोश रैली में दिखाएं भाजपा का विराट रूप : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार अपनी विफलताओं से घिर चुकी है। अभिमन्यु जैसी युवा शक्ति को प्रताड़ित किया है। अब अर्जुन को गांडीव उठाने का समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि युवा आक्रोश रैली में पार्टी का विराट रूप रांची की सड़कों पर दिखेगा। उन्होंने कहा कि ठगबंधन सरकार ने ठगने का रिकॉर्ड बनाया है। युवा हिसाब मांगने मुख्यमंत्री आवास जा रहे हैं। राज्य की युवा शक्ति अपना हक मांगने आ रही है। पांच लाख प्रतिवर्ष नौकरी, बेरोजगारी भत्ता ,नियोजन नीति का हिसाब मांगने आ रही है। हेमंत सरकार से आदिवासी, दलित, पिछड़े, किसान, महिला सभी अपने अपने हक का हिसाब मांग रहे हैं और यह सरकार भाग रही। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना और ग्रीन कार्ड योजना सब धोखा है। मंईयां योजना धोखा योजना का सिरमौर है।

### सदन के संघर्ष को सड़क पर भी दिखाना है : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा एनडीए के विधायकों ने राज्य के सर्वोच्च पंचायत में राज्य सरकार के नाकामियों को ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ उजागर किया है। 24 घंटे में ही राज्य सरकार बैक फुट पर चली गई। सरकार निरुत्तर है। उन्होंने कहा कि भाजपा जन भावनाओं के साथ खड़ी है। आज राज्य नाकामियों और निराशा से भर चुका है।

### आगामी कार्यक्रमों को धरातल पर उतारें : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगामी 25 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 113वें एपिसोड को हर बूथ पर जनता के साथ पूरी बूथ कमेटी सुनना सुनिश्चित करें। सिंह ने भाजपा की सांगठनिक संरचना में छह प्रमंडल घोषित करते हुए प्रमंडल प्रभारी के नामों की घोषणा की।

## न्यूज बॉक्स

### मंईयां सम्मान योजना अच्छी, भईया योजना भी हो लागू : सरयू राय



**रांची।** पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने हेमंत सोरेन सरकार की मुख्यमंत्री मंईयां योजना की सराहना करते हुए सरकार को सलाह दी है कि जैसे बहनों-बेटियों के लिए सरकार मंईयां योजना लायी है, वैसे ही राज्य के बेरोजगारों के लिए उन्हें भईया योजना भी लाना चाहिए। हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि वह बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देंगे। अपने वादे को पूरा करते हुए उन्हें अब भईया योजना भी शुरू करनी चाहिए। राय ने बताया कि उन्होंने अपनी तरफ से 20000 फॉर्म छपवाकर बांटे थे उनमें से 7000 रुपये स्वीकृत भी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से 162 करोड़ रुपये का स्पेशल फंड जेएनएसी को दिलवाया था पर काम मात्र 62 करोड़ का ही हो पाया। भुईंयाडीह के लिट्टी चौक से एनएच 33 तक पुल बनने का कार्य शुरू होने वाला है। राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निदेशार्नुसार, राज्य सरकार को केंद्र सरकार खनिज रॉयल्टी के रुप में 1.60 लाख करोड़ रुपये देने जा रही है। इतना सारा पैसा सरकार कैसे खर्च करेगी, कहां करेगी इसको लेकर सत्ता और विपक्ष को मिलकर रणनीति बनानी चाहिए।

### झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने डीपीएस प्रिंसिपल को किया सम्मानित

**रांची।** झारखंड अभिभावक संघ के बैनर तले प्रेस क्लब रांची में डीपीएस के प्रिंसिपल डॉ राम सिंह का शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन लाने को लेकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने किया। इस अवसर पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, डीएवी आलोक के प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार, टेंडर हर्ट के डायरेक्टर सुधीर तिवारी, डीपीएस के प्रिंसीपल डॉ आरके झा, लोयला कॉन्वेंट के प्रिंसिपल सत्यप्रकाश, सफायर स्कूल के प्रिंसिपल, विवेकानंद स्कूल के प्रिंसिपल, एम एम के स्कूल के तनवी, विकास विद्यालय के प्रिंसिपल, झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर डीपीएस के प्रिंसिपल राम सिंह को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मानित अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने किया।



### धूमधाम से मना श्री जीण माता का सावन सिंधारा उत्सव

**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव धूम धाम से मनाया गया। जिसमे 351 से अधिक महिलाओं ने राजस्थानी वेश भूषा मारवाड़ी परिधान में माता के भजनों का आनंद लिया।



कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन के साथ समिति के सदस्यों द्वारा माता की ज्योत प्रज्ज्वलित करके विशेष रूप से तैयार किए गए छप्पन भोग का प्रसाद लगा कर की गई। पुरुलिया से आई मशहूर भजन गायिका शीतल कटारूका द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। भजनों के साथ माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव, निशान यात्रा एवं गजरा महोत्सव मनाया गया। उत्सव में आए भक्तो ने मां श्री जीण भवानी को झूला झुलाया एवं माता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, विजय पालड़ीवाल, अजय अग्रवाल, विनय अग्रवाल, गौरव पालड़ीवाल, आनंद अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, मनोज, कविता सोमानी, उषा शर्मा, सुनीता मित्तल, संगीता अग्रवाल, सविता शर्मा, शीतल अग्रवाल, नेहा शर्मा, नीरा शर्मा व सभी उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए भूमि पूजन आज

▶ *100 से अधिक कारीगरों के द्वारा तैयार किया जायेगा पंडाल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 66 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाता आ रहा है। यहां दुर्गा पूजा में भक्तों को मां दुर्गा के स्वरूप देखने को मिलेगा। इसी निमित्त आज शनिवार को सुबह 10:30 बजे बकरी बाजार परिसर में संघ के सचिव निर्मल मोदी द्वारा पूजा स्थान पर भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश कराया जाएगा। इस अवसर पर आचार्यो के द्वारा विधिवत भगवान का आह्वान करते हुए भूमि पूजन किया जाएगा। पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह से सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। बिना किसी दिक्कत और तकलीफ के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित मां का दर्शन कर सकेंगे। यह जानकारी भारतीय युवक संघ के प्रवक्ता अमित बजाज ने दी।

### अग्रसेन भवन में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

# 175 लोगों ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपर बाजार के महाराजा अग्रसेन भवन परिसर में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के कर कमलों द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वहां उपस्थित सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन एवं स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान गाया। अग्रवाल युवा सभा, रांची के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने एवं स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा सभा के संयुक्त तत्वधान में




अग्रसेन भवन के सभागार में दूसरे मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश प्रणव ने महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पूर्वाह्न 11 बजे से संध्या 6 बजे तक चली इस मेगा रक्तदान शिविर में 175 लोगों ने रक्तदान किया। सम्पूर्ण परिसर तिरंगे के तीनों रंग से सुसज्जित था। वहीं साज-सज्जा का अवलोकन कर सभी आगंतुक देश प्रेम और समर्पण की भावना से भावाकुल हो गये। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल एवं अग्रवाल, युवा सभा के अध्यक्ष सौरभ बजाज ने इस अवसर पर हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के ब्लड बैंक, बारियातू रोड से आए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पुत्रदा एकादशी पर बाबा श्याम का हुआ भव्य श्रृंगार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रावण शुक्ल पुत्रदा एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। सुबह मंगला आरती के बाद पट लगाकर बाबा श्याम का प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया। 8.30 बजे की श्रृंगार आरती में सैकड़ो की संख्या में भक्त अपनी मनोहर अर्जी लगा रहे थे । 12:15 बजे के विश्राम आरती के बाद पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद बाबा श्याम का संध्याकालीन श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए लाल गुलाब, पीला गुलाब, मॉर्गन रजनीगंधा, तुलसीदास पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का दिव्या अद्भुत श्रृंगार किया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा बुटी मोड़ निवासी संतोष सिंह के द्वारा निवेदित थी। नवीन बागा की सेवा जयमाला सिंह राजपूत, निखिल सिंह, शिनेष सिंह, पंचमेवा भोग की सेवा विनय जोशी, रुचि जोशी, अभिषेक शर्मा द्वारा रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी गिरीगोला की सेवा मुकेश मित्तल, मगहीपान सुभाष रौनक पोद्दार, मुकेश बरनवाल द्वारा निवेदिता थी। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से बाबा की अखंड ज्योति प्रचलित करके प्रारंभ हुआ। संतोष सिंह, सविता सिंह, शिवम शुभम कुमार ने अपने परिजनों के साथ खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद भजनों का कार्यक्रम निरंतर देर रात्रि तक चलते रहा। श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू पंकज गाड़ोदिया, सलज अग्रवाल, सोनू साकेत आदि ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाए रखा।

### दुमका में राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया ध्वजारोहण, बोले

# कल्याणकारी दायित्वों का निर्वाहन तत्परता से कर रही राज्य सरकार

▶ *देश में लागू तीन नये कानून ऐतिहासिक*

▶ *नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/दुमका।** राज्यपाल ने राज्य की उप राजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास की गाड़ी सभी वर्गों तक पहुंचे, खासकर वंचित तबकों तक, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जनता के सहयोग से सरकार सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगी। उन्होंने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप



आचरण करने की अपील की। साथ ही कहा कि इससे स्वाधीनता की सार्थकता सिद्ध हो सकती है। राज्यपाल ने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारी सरकार लोक कल्याणकारी दायित्वों का निर्माण भी पूरी तत्परता के साथ कर रही है। आजादी के बाद से हमारे देश ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल सभी क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। देश में लागू तीन नये कानून 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम' की राज्यपाल संतोष गंगवार ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिउ वहां बेहतर कानून व्यवस्था का होना आवश्यक है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुराने ब्रिटिश समय के कानूनों को हटाते हुए तीन नए कानून देश में लागू किये हैं। इन कानूनों का उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाने के साथ साथ पीड़ितों को न्याय दिलाना है। देश के कानून व्यवस्था में यह ऐतिहासिक कदम है। संतोष गंगवार ने कहा कि अभी राज्य में टोल फ्री नंबर 112 पर 24 घंटे पुलिस, अग्निशमन, एबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा निरंतर चलाये जा रहे अभियान के कारण अब तक 143 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ों में छह नक्सली मारे गये हैं। नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत अब तक कुल 21 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। राज्यपाल ने राज्य में बढ़ते साइबर और उसके खिलाफ उठाये जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हमारा देश डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। साइबर अपराध की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। हमारा झारखण्ड, विशेषकर संथाल परगना भी इससे अछूता नहीं है। साइबर अपराध की बढ़ती संख्या और उसकी गंभीरता को देखते हुए रांची, दुमका, हजारीबाग सहित आठ जिलों में नये साइबर थानों का सृजन किया गया है।

## पेज एक के शेष

### हिंदुओं की करेंगे...

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्यह्लबांग्लादेश में सरकार के सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से फोन पर बात की। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बताया कि उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और संरक्षा का आश्वासन दिया। पीएम मोदी दो बार बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठा चुके हैं। 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति चिंता जाहिर की थी।

**पड़ोसी समृद्धि व शांति के मार्ग पर चलें : पीएम**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा था, एक पड़ोसी देश के तौर पर मैं बांग्लादेश में जो कुछ भी हुआ है, उससे जुड़ी चिंता को समझ सकता हूं। मैं आशा करता हूं कि वहां स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाएगी। खासकर 140 करोड़ देशवासियों की चिंता है कि वहां के हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। भारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश समृद्धि और शांति के मार्ग पर चलें। हम शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले दिनों में हम बांग्लादेश की 'विकास यात्रा' के लिए शुभकामनाएं देते रहेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में...

यानी जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के लिए डाले गए वोटो के नतीजे एक ही दिन 4 अक्टूबर को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि राज्य में 90 में से 73 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं जबकि अन्य 17 सीटें आरक्षित हैं। आयोग ने बताया है कि राज्य में आखिरी वोटर लिस्ट 27 अगस्त को जारी की जाएगी। वहीं हरियाणा में 1 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां भी वोटो की गिनती 4 अक्टूबर को होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## पीएम मोदी ने अपने इजरायली समकक्ष नेतन्याहू से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन किया। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता की आवश्यकता के लिए भारत के आह्वान को दोहराया। उन्होंने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया।

## नवाब सिंह यादव की जमानत पर सुनवाई आज

**कन्नौज।** कन्नौज में किशोरी के साथ बलात्कार के प्रयास के मामले में जेल में बंद नवाब सिंह यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ा दी गई है। अब कोर्ट शनिवार को जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। वहीं, शुक्रवार को भी इस मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान इस केस को देख रहे नवाब सिंह यादव के वकील शिव कुमार ने बताया कि शनिवार को नवाब सिंह यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। जहां तक बात है डीएनए टेस्ट की तो संबंधित व्यक्ति की सहमति के बिना डीएनए जांच नहीं हो सकती। अगर आरोपी डीएनए जांच के लिए राजी हो जाता है तो मान लेना चाहिए कि वह निर्दोष है।

## चीन ने गाजा पट्टी में युद्धविराम करने की अपील की

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन की स्थिति के बारे में सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर चीनी प्रतिनिधि ने कहा कि गाजा पट्टी में स्थायी युद्धविराम शीघ्र ही साकार करने की जरूरत है, ताकि यमन और लाल सागर समेत क्षेत्रीय तनाव शिथिल हो सके। यूएन स्थित उप चीनी प्रतिनिधि कंग श्वांग ने कहा कि यमन सरकार और अल हुथिय्युन ने हाल में वित्त और विमानन के मुद्दों पर सहमति कायम की। चीन इसका स्वागत करता है। आशा है कि विभिन्न पक्ष इसे एक उदाहरण के रूप में लेंगे और यमन के लोगों के हितों व भलाई की दृष्टि से राजनीतिक समाधान पर कायम रहेंगे।

### राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार नित्या व मानसी को

# मनोज बाजपेयी की फिल्म गुलमोहर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म

**एजेंसी। नई दिल्ली**

70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा शुक्रवार को की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संवाददाता सम्मेलन में फीचर फिल्म, नॉन फीचर फिल्म और सभी श्रेणियों में साल 2022 के पुरस्कारों के लिए विजेताओं के नामों की घोषणा की। इसमें 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 के बीच रिलीज हुई फिल्मों व उनके कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'गुलमोहर' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म और मलयालम भाषा की फिल्म 'अटम' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का



पुरस्कार दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री कैटेगरी में दो अभिनेत्रियों को चुना गया है। तमिल फिल्म 'थिरुचित्राम्बलम' के लिए नित्या मेनन और दूसरी गुजराती फिल्म 'कच्छ एक्सप्रेस' के लिए मानसी पारेख को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया जाएगा। कंतारा के लिए प्रमुख भूमिका निभाने वाले अभिनेता ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को 'ऊंचाई' के लिए दिया जाएगा। इस अवसर पर फीचर फिल्म जूरी के अध्यक्ष राहुल रवैल ने बताया कि गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार 'ब्रह्मास्त्र' के लिए प्रीतम को दिया जाएगा। बैकग्राउंड म्यूजिक के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार एआर रहमान को 'पोन्नियिन सेलवन पार्ट 1' के लिए दिया जाएगा। 'कच्छ एक्सप्रेस' नामक गुजराती फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइनर का पुरस्कार निखिल जोशी को दिया जाएगा। होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित और प्रशांत नील द्वारा निर्देशित कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म को दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार ऊंचाई फिल्म के लिए नीना गुप्ता को दिया जाएगा। हरियाणवी फिल्म फौजा में सहायक अभिनेता पवन राज को सर्वश्रेष्ठ सर्पोटिंग अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा।

## यूपी के दो लड़के अपराधियों के हितैषी बन गए हैं : सुधांशु त्रिवेदी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कोलकाता महिला डॉक्टर के साथ हुई अमानवीयता पर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के दो लड़के अपराधियों के हितैषी बन गए हैं। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर यूपी के दो लड़कों- अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी अपराधियों की हितैषी बन गई है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाली गई रैली




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली के मंडी हाउस से जंतर-मंतर तक एक रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। नारी शक्ति फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस विशाल रैली में दिल्ली के विभिन्न स्थानों से आयी महिलाओं ने भाग लिया। रैली में शामिल हुए लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज और तख्तियां ली हुई थीं। इन पर लिखा था कि बांग्लादेश में हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद होना चाहिए। रैली में शामिल महिलाओं का कहना था कि बांग्लादेश में सत्ता विरोधी आंदोलन में हिन्दुओं का क्या कसूर था कि उन पर अत्याचार किए गए। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हाल में हुए सत्ता विरोधी प्रदर्शनों में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और हिंसा हुई है। इस दौरान उनके धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया, घरों को जलाया गया और महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर सीजेआई बोले, वकील हमारे देश की ताकत हैं

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में 78वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद भी वकील और बार हमारे देश में अच्छाई की ताकत रहे हैं। सीजेआई ने याद किया, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में, कई वकीलों ने अपनी अच्?छी खासी कानूनी प्रैक्टिस छोड़ दी और खुद को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा वे (वकील) न केवल भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करने में, बल्कि एक स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना में भी सहायक थे। लेकिन देशभक्त वकीलों का कार्य भारत की स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ समाप्त नहीं हुआ। उन्होंने वकीलों को याद दिलाया कि भारतीय समाज और अदालत की नैतिक चेतना को बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है।



## शिर्डी पहुंचे अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी, चढ़ाई चादर

**नासिक।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी गुरुवार को महाराष्ट्र के नासिक में शिर्डी के साईं बाबा के दरबार में पहुंचे। उन्होंने साईं बाबा के चरणों में सर रखकर नमन किया और सफेद चादर चढ़ाई। इसके पहले वहां पहुंचे गौतम अदाणी का साईं संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडीलकर ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व सांसद सुजय विखे भी मौजूद रहे। गुजरात के रेगिस्तान में पले-बढ़े मृदुभाषी गौतम अदाणी ने अपनी मां द्वारा सिखाए गए मूल्यों को रेखांकित करते हुए कहा, हमारी सफलता का सही पैमाना हमारी उपलब्धियों के बारे में कम और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने की हमारी क्षमता में अधिक है। यह सबक मैंने अपनी मां से सीखा। बनासकांठा के कठोर रेगिस्तान में अपने पलने-बढ़ने के दौरान मैंने मां से सीखा कि सच्ची ताकत दृढ़ता में निहित है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम सहित कई नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी पुष्पांजलि



**नई दिल्ली।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार प्रातः प्रार्थना सभा आयोजित की गई। राजघाट के निकट स्थित उनके स्मारक ह्यसदैव अटल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों व राजनेताओं ने सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। भारतीय राजनीति में अजातशत्रु के तौर पर देखे जाने वाले भारतीय जनता पार्टी के सबसे चर्चित नेता और कवि हृदय प्रधानमंत्री के तौर पर पहचाने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का 16 अगस्त 1998 को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। और फिर जनसंघ से राजनीतिक सफर शुरू करके भारतीय जनता पार्टी के पहले प्रधानमंत्री के तौर पर 1996 में 13 दिनों की सरकार बनाने वाले पहले नेता बने।

**एजुकेशन/करियर**

# एनिमेटर कंप्यूटर ग्राफिक की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर

**रजनीश । एनिमेटर का कार्य पूरी तरह से रचनात्मक होता है। एनिमेटर कंप्यूटर ग्राफिक से जुड़े प्रोफेशनल होते हैं, जो विभिन्न प्रकार के एनीमेटेड वीडियो, विज्ञापन, फिल्में, कार्टून और वीडियो गेम बनाते हैं। आज के समय में हम ज्यादातर बच्चों को कार्टून देखते हुए पाते हैं। एनिमेटर का कार्य उन कार्टून्स में दिखाए जा रहे कैरेक्टर को बना कर उनमें जान डालने का होता है, जो बहुत ही दिलचस्प किस्म के होते हैं। इस प्रकार के कार्य को करने के लिए एनिमेटर विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर का सहारा लेते हैं। एनीमेशन के क्षेत्र में अपना करियर देखने वाले विद्यार्थियों को एनिमेशन का कोर्स करना चाहिए। एनीमेशन एक बहुत ही लेटेस्ट टेक्निक है, जिसमे मुख्य रूप से 3 चीजें शामिल हैं।**

## एनीमेशन क्या है

एनीमेशन एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिससे कोई भी ऐसा करैक्टर या इमेज ऑब्जेक्ट जो हकीकत में हिल नहीं सकता हो, उसे बोलता हुआ या मूवमेंट करता हुआ दिखाया जाता है। इसमें बहुत सारी इमेज ऑब्जेक्ट्स को एनर्जी और इमोशन दे कर उसमे मूवमेंट करवाई जाती है, जिससे कि वो स्क्रीन पर मूव करता हुआ दिखाई देता है। एनीमेशन को बनाने के लिए बहुत सी इमेज का उपयोग किया जाता है, जिनमे अलग-अलग प्रतिक्रिया वाली इमेज होती है और इन्हें तेज गति से चलाया जाता है, जिससे ये मूव करती हुई दिखाई देती है। इसमें रुकी हुई इमेज को इस प्रकार से उपयोग और संचालित किया जाता है, जिससे इसके मूवमेंट होने का भ्रम देखने वाले के दिमाग में पैदा होता है।

यहाँ ऑब्जेक्ट्स में मोशन का भ्रम पैदा करने के लिए उन इमेजेज को जल्दी-जल्दी डिस्प्ले किया जाता है और ये इमेजेज लगभग एक जैसे ही दिखते हैं और उनमे कम अंतर होता है। एनीमेशन केवल टीवी की दुनिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अन्य कई क्षेत्रों में भी इसका उपयोग किया जाता है जैसे गेम्स, मूवीज, विज्ञापन, न्यूज़, प्रिंटिंग, वेब डिजाइनिंग आदि क्षेत्रों में एनीमेशन का प्रयोग किया जा रहा है। ऐसी ही बहुत सी फिल्में हैं जो या तो पूरी की पूरी एनीमेशन से बनाई गई हैं या तो उनमे कुछ सीन में एनीमेशन का उपयोग किया गया है।



- 2डी एनीमेशन
- 3डी एनीमेशन
- वीएफएक्स (वर्चुअल इंटरव्यू)

## एनिमेशन कोर्स को क्यों चुनें

- 1 एनीमेशन कोर्स करने के बाद उम्मीदवारों को विभिन्न नौकरी के अवसर जैसे गेम डिज़ाइनर, 3डी एनिमेटर, वेब डिज़ाइनर आदि प्राप्त होते हैं। इनका शुरूआती औसत वेतन 1|8- 2 लाख रुपए प्रति वर्ष के बीच हो सकता है।
- 2 एनिमेशन की शिक्षा पूरी करने के बाद प्रोफेशनल के पास विभिन्न उद्योगों में काम करने के अच्छे विकल्प हैं। वे एस्पिरेंट्स प्रोडक्शन कंपनी, विज्ञापन एजेंसियों, गेम क्रिएशन फर्म आदि में काम कर सकते हैं।
- 3 जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है और दुनिया डिजिटलीकरण होती जा रही है, एनिमेटरों की मांग लगातार बढ़ रही है। बढ़ती मांग के कारण एनिमेशन कोर्स करना एक आकर्षक करियर विकल्प है।

## एनिमेटर बनने के लिए स्टेप बाय स्टेप गाइड

**स्टेप 1: ग्रेड 12 की पढ़ाई के बाद एनिमेशन कोर्स करें:** छात्र जो एनिमेशन का कोर्स करना चाहते हैं, इस क्षेत्र में अपने करियर को देखते हैं, वे 12वीं के बाद एनिमेशन का कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए डिप्लोमा, सर्टिफिकेट या फुल टाइम ग्रेजुएशन कोर्स चुन सकते हैं।

**स्टेप 2: कोर्स पूरा होने के बाद इंटर्नशिप करें:** छात्र जो एनिमेशन के क्षेत्र में रुचि रखते हैं, जिनका रुझान इस क्षेत्र में है वह 12वीं के बाद एनिमेशन का कोर्स पूरा करके या अंतिम परीक्षा रह जाने पर इससे जुड़ी इंटर्नशिप करें। क्योंकि इंटर्नशिप के माध्यम से उसे कुछ कार्य का अनुभव होगा और वह कुछ कार्य सीख सकेगा।

**स्टेप 3: पोस्टग्रेजुएशन के कोर्स के बारे में सोचें :** नौकरी में अच्छा पद प्राप्त करने के लिए अच्छी सैलरी के लिए छात्र को चाहिए कि वह एनिमेशन के क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री भी प्राप्त करें।

## एनिमेटर बनने के लिए स्किल्स

- क्रिएटिविटी और इमेजिनेशन
- अटेंशन फॉर डिटेल
- फैमिलियरिटी ग्राफिक सॉफ्टवेयर के साथ
- प्रेजेंटेशन स्किल्स
- टीम वर्क
- पेशेंस
- ड्राइंग स्किल्स
- कम्युनिकेशन स्किल
- वर्क इन टाइम बॉन्ड फैशन में काम करने की एबिलिटी
- ओरिजनलिटी एंड इन्नोवेटिवनेस

## एनिमेटर बनने के लिए कोर्सेज

- बीएससी एनिमेशन
- बीएससी एनिमेशन , ग्राफिक्स
- बीएससी इन मुल्टीमिडिया एंड एनिमेशन
- बीए 3डी एनिमेशन
- बीएससा इन मल्टीमिडिया

**पलामू जिला झामुमो के युवा नेता अभिषेक सिंह से विशेष बातचीत**

**Q आप राजनीति में किस उद्देश्य से आएं हैं?**

**उत्तर :** राजनीति सेवा करने का प्लेटफार्म है। यह काम हमारे पूर्वज कई दशकों से करते रहें है। उन्हीं की प्रेरणा से प्रभावित होकर राजनीति को जन सेवा बना कर काम कर रहे हैं।

**Q वर्तमान नगर निगम को आप किस रूप में देखते हैं?**

**उत्तर :** वर्तमान नगर निगम में सिर्फ दिखावे का विकास किया गया है। यह केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ नहीं हैं। सभी कामों में कमीशनखोरी की गई है। जांच की आवश्यकता है।

**Q नगर निगम का विकास किस रूप में होना चाहिए?**

**उत्तर :** नगर निगम का विकास जनता के साथ बैठकर उनकी मूलभूत समस्याओं के समझने के बाद ही किया जाना चाहिए। नगर निगम में पानी की सबसे अधिक समस्या है। उन्हें दूर करने का प्रयास होना चाहिए।

**Q आपके विरोधी आप पर विरासत बचाने के लिए राजनीति करने की बात कहते हैं?**

**उत्तर :** ऐसी बात नहीं हैं। विरोधी उनके बढ़ते राजनीति प्रभाव से विचलित होकर ऐसा आरोप लगा रहे हैं। उनके परिवार के लोग प्रतिष्ठित पदों पर रहने के बाद भी शालिन हैं, और भविष्य में भी रहेंगे।

**Q जिला में झामुमो को आगे बढ़ाने के लिए क्या कर रहे हैं आप?**

**उत्तर:** झामुमो को आगे बढ़ाने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। अब तक हजारों युवाओं को पार्टी से जोड़ चुके हैं। पार्टी की नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैठक, सेमिनार, जनसभा के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

1. धनबाद में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अपुनपमा सिंह के लिए धनबाद के विभिन्न इलाकों में समर्थन के लिए जनसंपर्क करते अभिषेक सिंह।
2. 18 दिसम्बर 2023 पिंक सिटी बसों का परिचालन बंद किए जाने पर सवाल उठाया।
3. वीर कुंवर सिंह के विचारों से प्रभावित।
4. निगम परिसर में नरू बाबू की प्रतिमा के अनावरण में महत्त्वपूर्ण योगदान।
5. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पानी की समस्या से अवगत कराते अभिषेक सिंह।
6. हर घर को मिले जल की पहल पर जेपीएस परिवार के सौजन्य से टैंकर के द्वारा आम नागरिकों को शुद्ध पेजजल आपूर्ति हुई।
7. ठोस कचरा प्रबंधन संयत्र के लिए संघर्ष किया।
8. निगम के पार्क में बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ का विरोध किया।
9. बड़ा तालाब पार्क निर्माण में हुई धांधली का विरोध किया।







# झामुमो नेता अभिषेक सिंह की प्राथमिकता है क्षेत्र का संपूर्ण विकास

युवा झामुमो नेता सह समाजसेवी अभिषेक सिंह अपने क्षेत्र और अपने शहर मेदिनीनगर के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने कई योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने महिलाओं के विकास को पहला स्थान दिया है। इसके तहत वह मुख्यमंत्री और पेयजल और स्वच्छता मंत्री से मिलकर झारखंड में महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा की अनुमति दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। साथ ही उन्होंने कुछ दिन पूर्व एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की समस्या से अवगत कराया और इसके निराकरण का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का हल अवश्य किया जायेगा। अभिषेक सिंह की युवाओं में अच्छी पैठ हैं। साथ ही उन्हें क्षेत्र के बुजुर्गों एवं महिलाओं का भी आशीर्वाद प्राप्त है। सिंह अंतिम व्यक्ति तक सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। इस कारण यहां के युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें क्षेत्र के युवाओं का सहयोग चाहिए, जिनके साथ मिलकर वे इस क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींच सकें। पूरे क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। क्षेत्र की जनता उन्हें एक भावी जनप्रतिनिधि के रूप में देखना चाहती है। इसको लेकर अभिषेक सिंह भी उत्साहित हैं। साथ ही यहां के युवा उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर विकास में सहयोग करने को तैयार हैं।

मेदिनीनगर के एक प्रतिष्ठितऔर सम्पन्न परिवार में जन्म लेने के बाद भी उन्हें रत्ती भर भी घमंड नहीं है। एक साधारण वेशभूषा में ही लोगों से मिलते- जुलते रहते हैं। वे किसी भी तबके के लोगों से बिना किसी भेदभाव मिलते हैं। वे सबकी मदद करने को तैयार रहते हैं। उनके अंदर गरीब-अमीर, जात-पात जैसी भावना नहीं है। वे हमेशा जरूरतमंदो की सहायता करने को तत्पर रहते हैं।











## पार्टी को ग्रास रूट तक सशक्त बनाने में जुटे हैं अभिषेक

युवा नेता अभिषेक सिंह जब से झामुमो में आए हैं, पार्टी की साख को बढ़ाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। डालटनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में उन्होंने दौरा कर लोगों की समस्याएं को सुन रहे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के विजन को आम आदमी तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। गरीब लाचार बेबस का जुबान बना रहे हैं अभिषेक सिंह। अभिषेक सिंह की इस पहल को देखकर आम लोगों में काफी उत्साह है। वह जब भी गरीब गुरबा से मिलते हैं, गरीबों में एक चमक आ जाती है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि वह उनके असली हिमायती है। आम लोग उन्हें अपना बेटा भाई और अपने बीच के कैरेक्टर के रूप में देखा है। जिससे उनके साथ और पार्टी के साथ काफी मजबूत हुई है। अभिषेक सिंह का मानना है कि जब तक वह गरीबों के बीच नहीं जाएंगे और गरीबों की समस्याओं को समझने का प्रयास नहीं करेंगे तब तक वे लोगों का विश्वास नहीं जीत पाएंगे।






## जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र को विकास की बुलंदियों पर ले जायेंगे : अभिषेक सिंह

अभिषेक सिंह का लक्ष्य इस क्षेत्र को, जो काफी पिछड़ा माना जाता है, उसे झारखंड में अव्वल नम्बर पर पहुंचाना है। इसके लिए वे झामुमो के बैनर तले पूरी लगन के साथ लगे हुए हैं। सिंह का कहना है कि उनको अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए यहां की जनता का सहयोग चाहिए, ताकि वे उनके आशीर्वाद से क्षेत्र को विकास की बुलंदियों पर ले जा सकें। झामुमो में उनकी सक्रियता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इस कारण वे पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच काफी प्रसिद्ध होते जा रहे हैं। क्षेत्र की समस्याओं को वे पुरजोर तरीके से समाज और जनता के बीच उठा रहे हैं। इस कारण उनके विरोधी उनसे चिढ़े रहते हैं। उनका सवाल काफी तार्किक रहता है। उसका जवाब देना विरोधियों को के लिए काफी मुश्किल होता है। आम लोगों का कहना है कि हमें क्षेत्र के लिए ऐसे ही जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है। जो हमारी समस्याओं का हल कर सके। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। गर्मियों में यहां के लोग पीने पानी के लिए तरस जाते हैं। कई क्षेत्रों में पानी के टैंकर के द्वारा पानी का वितरण किया जाता है, फिर भी सभी लोगों के पास पानी नहीं पहुंच पाता है। अभिषेक सिंह का नारा है कि 'सबको मिले जल, यही है हमारी पहल' उनका कहना है कि जबतक शहर में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक वे टैंकर के माध्यम से पेयजल का वितरण करते रहेंगे।